रजिस्ट्री सं० डी०(डी०)-73

REGISTERED No. D (D).73

20-11-1981

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 26, 1981/आश्विन 4, 1903

No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 26, 1981/ASVINA 4, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II -खण्ड 3 —उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्रधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1981

सा० का० नि० 869.—केन्द्रीय सरकार, सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 25 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपना यह समाधान हो जाने पर कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना सं० 179-सीमा-शुल्क तारीख 4 सितम्बर, 1980 का निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना की शर्त (2) में,—

मद (xxxiii) के पश्चात् निम्नलिखित मद अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"(xxxiv) सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड की दशा में प्रबंध निदेशक, सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड"

[सं० 205/81 सीमा-शुल्क/फा० सं० 370/39/81-सीमा-शुल्क-1]

के० चन्द्रमौलि, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 26th September, 1981

G.S.R. 869.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 25 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government, being satisfied that it is necessary in the public interest so to do, hereby makes the following further amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance, Department of Revenue, No. 179-Customs dated the 4th September, 1980, namely :—

In the said notification, in condition (1), after item (xxxiii), the following item shall be inserted, namely :—

"(xxxiv) The Managing Director, Cement Corporation of India Limited, in the case of Cement Corporation of India Limited".

[No. 205|81-Customs|F. No. 370|57|81-Cus. I]

K. CHANDRAMOULI, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

नई दिल्ली, 9 सितम्बर, 1981

सा० का० नि० 870.—केन्द्रीय सरकार, तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 (1975 का 4) की धारा 32 की उप-धारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तम्बाकू बोर्ड नियम, 1976 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् —

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम तम्बाकू बोर्ड (संशोधन) नियम, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. तम्बाकू बोर्ड नियम, 1976 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 33 में, —

(क) उप-नियम (1) में —

(i) खण्ड (क) में, 'राज्य' शब्द के स्थान पर 'राज्यों' शब्द रखा जाएगा और कर्नाटक शब्द के पश्चात और 'तमिलनाडु' शब्द अन्त:स्थापित किये जाएंगे।

(ii) खण्ड (ख) में राज्य शब्द के स्थान पर जहां कहीं भी आता है 'राज्यों' शब्द रखा जाएगा और 'आंध्र प्रदेश' शब्द के पश्चात "महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल" शब्द अन्त:स्थापित किए जाएंगे।

(iii) खण्ड (ख) के पश्चात निम्नलिखित खण्ड अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

(ख) किसी भी वर्ष में अबंधित राज्यों में वर्जीनिया तम्बाकू उगाने के कार्य के प्रारम्भ के पूर्व गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में वर्जीनिया तम्बाकू उगाने वालों की दशा में 31 मार्च के पूर्व (ख) उप नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप नियम रखा जाएगा:—

"(2) रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन प्रति वर्ष कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों में वर्जीनिया तम्बाकू उगाने वालों की दशा में 31 जनवरी के पूर्व गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में 31 मार्च के पूर्व और आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल राज्यों में 31 मई के पूर्व सचिव को पहुंचाना चाहिए।"

(ग) उप-नियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उप-नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(2क) बोर्ड, समय-समय पर सभी राज्यों या किसी राज्य या किन्हीं राज्यों में, क्रय-विक्रय की स्थिति, पूर्व वर्ष के उत्पादन, आगामी वर्ष में वर्जीनिया तम्बाकू का आशयित उत्पादन और अन्य संबंधित बातें उप-नियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र के लिए आमंत्रित आवेदन प्राप्त करने की या उप-नियम (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन प्राप्त करने के लिए अंतिम तारीख को बढ़ाए जाने पर विचार कर सकता है।"

3 उक्त नियमों के नियम 34 में :—

(क) उप -नियम (1) में :—

(i) खंड (क) में, "राज्य" शब्द के स्थान पर "राज्यों" शब्द रखा जाएगा और "कर्नाटक" शब्द के पश्चात् "और तमिलनाडु" शब्द अन्त:स्थापित किए जाएंगे।

(ii) खंड (ख) में, "राज्य" शब्द के स्थान पर "राज्यों" शब्द रखा जाएगा "आन्ध्र प्रदेश" शब्दों के पश्चात् "महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल" शब्द अन्त:स्थापित किए जाएंगे।

(iii) खण्ड (ख) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(ग) उन दशाओं में जहां संसाधन परिसर गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में स्थित है 7 सितम्बर के पूर्व"

(ख) उप-नियम (2) में, खण्ड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात् —

"(ख) ऐसे नवीकरण के लिए आवेदन प्रत्येक वर्ष, सचिव को या ऐसे अन्य अधिकारी को जो बोर्ड द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए उन दशाओं में जहां संसाधन परिसर, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों में स्थित है 7 जुलाई, के पूर्व, गुजरात और उत्तर प्रदेश राज्यों में 7 अक्तूबर, के पूर्व और आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल राज्यों में 7 नवम्बर के पूर्व किया जाएगा।"

[फा० सं० 8/2/81-ई० पी० (कु-vi)]

हस्ता०/-

ओ० पी० गुप्त, डैस्क अधिकारी

टिप्पण : (1) तम्बाकू बोर्ड नियम, 1976 भारत के राजपत्र असाधारण भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) तारीख 1-1-1976 में, सा० का० नि० (1) (अ) तारीख 1-1-1976 के रूप में प्रकाशित।

(2) तम्बाकू बोर्ड (संशोधन) नियम, 1976 भारत के राजपत्र, भाग 2, खंड 3, उपखण्ड (i) तारीख 28-8-74 में, सा०का०नि 1259 तारीख 20 अगस्त, 1976 के रूप में प्रकाशित।

(3) तम्बाकू बोर्ड (द्वितीय संशोधन) नियम, 1976 भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) तारीख 6 नवम्बर 1981 में सा० का० नि० 1976 तारीख 1 नवम्बर 1976 के रूप में प्रकाशित।

(4) तम्बाकू बोर्ड (संशोधन) नियम, 1978 भारत के राजपत्र भाग, 2 खंड 3, उपखंड (i) तारीख 1-7-1978 में सा० का० नि० 858 तारीख 16-6-1978 के रूप में प्रकाशित।

(5) तम्बाकू बोर्ड (द्वितीय संशोधन) नियम, 1978 भारत के राजपत्र असाधारण, भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) तारीख 28-12-1978 में सा० का० नि० 596 (अ) तारीख 28-12-1978 के रूप में प्रकाशित।

(6) तम्बाकू बोर्ड (संशोधन) नियम, 1979 भारत के राजपत्र असाधारण भाग 2, खण्ड 3, उपखंड (i) तारीख 20-6-1979 में सा० का० नि० 384 (अ) तारीख 20-6-1979 के रूप में प्रकाशित।

(7) तम्बाकू बोर्ड (संशोधन) नियम, 1980 भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) तारीख 2-4-1980 में सा० का० नि० 192 (अ) तारीख 2-4-1980 के रूप में प्रकाशित।

(8) तम्बाकू बोर्ड (द्वितीय संशोधन) नियम, 1980 भारत के राजपत्र भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i) तारीख 6 सितम्बर 1980 में सा० का नि० 902 तारीख 22 अगस्त, 1980 के रूप में प्रकाशित।

MINISTRY OF COMMERCE

(Department of Commerce)

New Delhi, the 9th September, 1981

G.S.R. 870.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of section 32 of the Tobacco Board Act, 1975 (4 of 1975), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Tobacco Board Rules, 1976, namely :—

1. (1) These rules may be called the Tobacco Board (Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Tobacco Board Rules, 1976 (hereinafter referred to as the said rules), in rule 33—

(a) in sub-rule (1),—

(i) in clause (a), for the word 'State' the word 'States' shall be substituted, and after the word 'Karnataka', the words 'and Tamilnadu' shall be inserted.

(ii) in clause (b), for the word 'State' wherever it occurs the word 'States' shall be substituted, and after the word 'Andhra Pradesh', the words 'Maharashtra and West Bengal, shall be inserted.

(iii) after clause (b), the following clause shall be inserted, namely :—

"(c) in the case of growers of virginia tobacco in States of Gujarat and Uttar Pradesh before 31st March preceding the commencement of the operations for growing virginia tobacco in the States concerned in any year."

(b) for sub-rule (2), the following sub-rule shall be substituted :—

"(2) Every application for renewal of a certificate of registration should reach the Secretary, in the case of growers of virginia tobacco in the States of Karnataka and Tamilnadu before the 31st January, in the States of Gujarat and Uttar Pradesh before 31st March and in the States of Andhra Pradesh, Maharashtra and West Bengal before the 31st May, every year."

(c) after sub-rule (2), the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(2A) The Board may, taking into consideration conditions of marketing, past year's production, expected production of virginia tabacco in the ensuing year and other related factors, extend the last date for receiving applications for certificate of registration under sub-rule (1) or for applications for renewal of registration under sub-rule (2), from time to time in all the States or in any State or States."

3. In rule 34 of the said rules :—

(a) in sub-rule (1) :—

(i) in clause (a), for the word 'State' the word 'States' shall be substituted, and after the word 'Karnataka' the words 'and Tamilnadu' shall be inserted.

(ii) in clause (b), for the word 'State' the word 'States' shall be substituted and after the words 'Andhra Pradesh', the words, 'Maharashtra and West Bengal' shall be inserted.

(iii) after clause (b), the following clause shall be inserted, namely :—

"(c) in cases where the curing premises are situated in the States of Gujarat and Uttar Pradesh, before the 7th September."

(b) in sub-rule (2), for clause (b), the following clause shall be substituted, namely :—

"(b) The application for such renewal shall be made to the Secretary or such other officer as may be authorised by the Board in this behalf, in cases where the curing premises are situated in the States of Karnataka and Tamil Nadu before the 7th July, in the States of Gujarat and Uttar Pradesh before the 7th October and in the States of Andhra Pradesh, Maharashtra and West Bangal before the 7th November, every year."

[F. No. 8|2|81-PP(Agri-vi)]

O. P. GUPTA, Desk Officer.

Note : (1) Tobacco Board Rules, 1976, published as GSR(I)(E) dated 1-1-1976 in Part II, Section 3, Sub-section (i) of Extraordinary Gazette of India dated 1-1-1976.

(2) Tobacco Board (Amendment) Rules, 1976, published as GSR 1259 dated 20-8-1976 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Gazette of India dated 28-8-1976.

(3) Tobacco Board (Second Amendment) Rules, 1976 published as GSR 1576 dated 1-11-1976 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Gazette of India dated 6-11-1976.

(4) Tobacco Board (Amendment) Rules, 1978 published as GSR 858 dated 16-6-1978 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Gazette of India dated 1-7-1978.

(5) Tobacco Board (Second Amendment) Rules, 1978 published as GSR 596 (E) dated 28-12-1978 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Extraordinary Gazette of India dated 28-12-1978.

(6) Tobacco Board (Amendment) Rules, 1979 published as GSR 384(E) dated 20-6-1979 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Extraordinary Gazette of India dated 20-6-1979.

(7) Tobacco Board (Amendment) Rules, 1980 published as GSR 192 (E) dated 2-4-1980 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Extraordinary Gazette of India dated 2-4-1980.

(8) Tobacco Board (Second Amendment) Rules, 1980 published as GSR 902 dated 22-8-1980 in Part II, Section 3, sub-section (i) of Gazette of India dated 6-9-1980.

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, 11 सितम्बर, 1981

सा० का० नि० 871. —राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक प्रसंस्करण अनुभाग (वर्ग III पद) भर्ती नियम, 1974* का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारत सरकार मुद्रणालय नासिक प्रसंस्करण अनुभाग (वर्ग III पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक प्रसंस्करण अनुभाग (वर्ग III पद) भर्ती नियम, 1974 में,

(i) "वर्ग III" पद के स्थान पर जहां कहीं वह आता है, "समूह ग" पद रखा जाएगा।

*भारत के राजपत्र में सा० का० नि० 867 के रूप में प्रकाशित देखिए अधिसूचना सं० ए०-12018/5/74 मुद्रण तारीख 22 जुलाई, 1974

(ii) अनुसूची में, उत्कीर्णक वर्ग II पद से संबंधित क्रम सं० 1 के सामने

(क) स्तंभ 3 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी :—

"साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ग", अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय"

(ख) स्तंभ 10 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"व्यावसायिक परीक्षण के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा

(ग) स्तंभ 11 की प्रविष्टि के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी :—

"प्रतिनियुक्ति . भारत सरकार के अन्य मुद्रणालयों के उत्कीर्णक वर्ग II (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)

(iii) अनुसूची में मोल्डर तथा फिनिशर के पद से संबंधित क्रम सं० 2 और उससे संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित क्रम सं० और प्रविष्टियां रखी जाएंगी अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने के लिए आयु	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
"2. प्लेट माउटर तथा फिनिशर	1(एक) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा 'समूह' "ग" अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय	320-6-326-8-390-10-400 रु०	लागू नहीं होता	18 से 28 के बीच सरकारी सेवकों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों और आदेशों के अनुसार शिथिल करके 35 वर्ष की जा सकती है। आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख प्रत्येक मामले में, भारत में रहने वाले अभ्यर्थियों से (इनसे भिन्न जो अन्दमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहते है) आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। ऐसे पदों की बाबत, जिन पर नियुक्ति रोजगार कार्यालय के माध्यम से की जाती है, आयु सीमा अवधारित करने की निर्णायक तारीख प्रत्येक मामले में वह तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।	(1) मिडिल स्कूल उत्तीर्ण। (2) व्यवसाय में 3 वर्ष का अनुभव। (3) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से काष्ठकारी/प्लेट माउंटिंग का प्रमाण पत्र।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भर्ती किए जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होगा	दो वर्ष	व्यवसायिक परीक्षण के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा	प्रतिनियुक्ति : भारत सरकार के अन्य मुद्रणालयों से प्लेट मास्टर तथा फिनिशर (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)	समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति में निम्नलिखित होंगे : (1) प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक—अध्यक्ष (2) संकर्म प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक—सदस्य (3) सहायक प्रबन्धक (प्रशासन), भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक—सदस्य (4) आदकर अधिकारी, नासिक—सदस्य	लागू नहीं होना

[फा० सं० 22/7/71-ए० आई०]

कृष्ण प्रताप, उप सचिव

MINISTRY OF WORKS AND HOUSING

New Delhi, the 11th September, 1981

G.S.R. 871.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Government of India Press, Nasik, Process Section, (Class III posts) Recruitment Rules, 1974*, namely :—

1. Short title and commencement : (1) These rules may be called the Government of India Press, Nasik, Process Section (Class III Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Government of India Press, Nasik, Process Section (Class III Posts) Recruitment Rules, 1974,

(i) for the expression 'Class III', wherever it occurs the expression "Group 'C' " shall be substituted;

(ii) in the Schedule against Serial number 1 relating to the post of Etcher Class II,

(a) for the entry in column 3, the following entry shall be substituted, namely:—

'General Central Service Group 'C' Non-Gazetted, Non-Ministerial' ;

(b) for the entry in column 10, the following entry shall be substituted, namely:—

'By Direct recruitment through a trade test, failing which by deputation';

(c) for the entry in column 11, the following entry shall be substituted, namely:—

"Deputation : Etcher Class II of other Government of India Presses (period of deputation ordinarily not exceeding three years)";

*Vide Notification No. A-12018/5/74-Ptg., dated 22nd July, 1974 published in the Gazette of India of G.S.R. No 867.

(iii) in the Schedule, against Serial Number 2 relating to the post of Moulder and Finisher and the entries relating thereto, the following Serial Number and entries shall be substituted, namley:—

Name of the Posts	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection or non-selection posts	Age for direct recruits	Educational qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
"2. Plate Mounter and Finisher.	1(one) Subject to variation depending on work-load	General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted Non-ministerial	Rs. 320-6-326-8-390-10-400	Not applicable	Between 18 and 28 years. Relaxable for Government servants up to 35 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government. The crucial date for determining the age limit, shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep). In respect of posts, the appointments to which are made through the Employment Exchanges, the crucial date for determining the age limit will, in each case, be the last date up to which the Employment Exchanges are asked to submit the names.	(i) Middle school pass. (ii) 3 years' experience in the trade. (iii) Certificate of carpentry/plate mounting and finishing from Industrial Training Institute.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a DPC exists, what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Not applicable	Two years	By direct recruitment through a Trade test, falling which by deputation.	Deputation : Plate Mounter and Finisher of other Government of India Presses (Period of deputation ordinarily not exceeding three years)	Group 'C' Departmental Promotion Committee composition of which is as under:— (1) Manager, Government of India Press, Nasik—Chairman. (2) Works Manager, Government of India Press, Nasik —Member. (3) Assistant Manager (Administration), Government of India Press, Nasik —Member. (4) Income Tax Officer, Nasik—Member.	Not applicable."

[File No 22/7/74-AI]

KIRSHNA PRATAP, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 19 सितम्बर, 1981

सा० का० नि० 872—केन्द्रीय सरकार दिल्ली विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 22 की उपधारा (3) के साथ पठित धारा 56 की उपधारा (2) के खंड (अ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा या उसके नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन विकसित की गई नजूल भूमि के संबंध में कार्रवाई करने की रीति का उपबंध करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् :—

अध्याय 1

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम दिल्ली विकास प्राधिकरण (विकसित नजूल भूमि का व्ययन) नियम, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—,

(क) "अधिनियम" से दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) में अभिप्रेत है ;

(ख) "प्रशासक" से दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासक अभिप्रेत है ;

(ग) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित दिल्ली विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है ,

(घ) किसी व्यक्ति के संबंध में "कुटुम्ब" से कोई व्यष्टि, ऐसे व्यष्टि की, यथास्थिति पत्नी या उसका पति और उनके अविवाहित अवयस्क बालक अभिप्रेत हैं ,

(ङ) "उद्योगपति" से कोई उद्योगपति या विनिर्माता और उसके अन्तर्गत ऐसा व्यक्ति भी है जो किसी उद्योग या निर्माण प्रक्रिया में लगने का आशय रखता है अभिप्रेत है ;

(च) "भूमि आबंटन सलाहकार समिति" से इन नियमों के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए प्राधिकरण द्वारा गठित भूमि आबंटन सलाहकार समिति, अभिप्रेत है;

(छ) "निम्न आय वर्ग" से ऐसा व्यक्ति वर्ग अभिप्रेत है, जिसमें प्रत्येक के कुटुम्ब की कुल वार्षिक आय सात हजार दो सौ रुपये से या ऐसी अधिक अथवा कम रकम से, जो केन्द्रीय सरकार, समय-समय पर, परिवर्ती मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों और आर्थिक कारणों को ध्यान में रखते हुए, अधिसूचना द्वारा अवधारित करे, अधिक नहीं है ;

(ज) "मध्य आय वर्ग" से ऐसा व्यक्ति-वर्ग अभिप्रेत है जिसमें प्रत्येक के कुटुम्ब की कुल वार्षिक आय सात हजार दो सौ रुपये से या समय-समय पर खंड (छ) के अधीन अधिसूचित रकम से अधिक है किन्तु अठारह हजार रुपये से या ऐसी अधिक अथवा कम रकम से जो केन्द्रीय सरकार समय-समय पर परिवर्ती मुद्रा-स्फीति प्रवृत्तियों और आर्थिक कारणों को ध्यान में रखते हुए, अधिसूचना द्वारा अवधारित करें, अधिक नहीं ;

(झ) "नजूल भूमि" से ऐसी भूमि अभिप्रेत है जो प्राधिकरण के व्ययनाधीन रखी गई है और अधिनियम की धारा 22 के अधीन प्राधिकरण द्वारा या उसके नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन विकसित की गई है ;

(ट) "अधिसूचना" से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है ;

(ठ) "योजना" से अधिनियम की धारा 7, 8 और 11क में निर्दिष्ट महायोजना या किसी जोन के लिए जोन विकास योजना अभिप्रेत है ;

(ड) "पूर्व अवधारित दर" से प्रीमियम की वे दरें अभिप्रेत हैं जो विभिन्न व्यक्ति प्रवर्गों से प्रभार्य हैं और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निम्नलिखित का ध्यान रखते हुए अवधारित की गई है :—

(क) अर्जन की लागत ;

(ख) विकास प्रभार ; और

(ग) उपयोग तथा अधिभोग के लिए नियामती प्रभारों को ध्यान में रखते हुए

(1) विकसित आवासिक भू-खंडों के लिए, प्रथम 167 वर्गमीटर या इसके भाग के लिए 3.60 रु० प्रति वर्ग मीटर, अगले 167 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए 4.80 रु० प्रति वर्गमीटर ; अगले 167 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए 6.00 रु० प्रति वर्गमीटर अगले 167 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए 7.20 रु० प्रति वर्गमीटर ; अगले 167 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए 8.40 रु० प्रति वर्गमीटर और उसके पश्चात् 9.60 रु० प्रति वर्गमीटर की दर से;

(2) विकसित औद्योगिक भू-खंडों के लिए प्रथम 0.81 हैक्टर या उसके भाग के लिए 3 60 रु० प्रति वर्गमीटर अगले 0.81 हैक्टर या उसके भाग के लिए 4.80 रु० प्रति वर्गमीटर, अगले 0.81 हेक्टेयर 6.00 रु० प्रति वर्गमीटर, अगले 0.81 हेक्टेयर या उसके भाग के लिए 7 20 रु० प्रति वर्गमीटर, अगले 0.81 हैक्टर या उसके भाग के लिए 8.40 रु० प्रति वर्ग मीटर और उसके पश्चात् 9.60 रु० प्रति वर्गमीटर की दर से :

परन्तु वे पूर्व अवधारित दरें जिन पर मध्य आय वर्ग के व्यक्तियों को आबंटन किया जाता है प्रीमियम की उन दरों के उच्चतर हो सकती है जो निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को आबंटित भू-खंडो के लिए नियत की जाती है ;

परन्तु यह और कि प्रीमियम की पूर्व अवधारित दरें नियत करते समय केन्द्रीय सरकार ऐसे भू-खंडों के लिए जो मुख्य सड़क पर, दो सड़कों के कोने पर या अन्य सुविधाजनक स्थिति में हैं, उन भू-खंडों की अपेक्षा, जो मुख्य सड़क से काफी दूर पर स्थित हैं, नियत प्रीमियम की दरों से उच्चतर दरें नियत कर सकती हैं ;

(ढ) "गंदी बस्ती क्षेत्र अधिनियम" से गंदी बस्ती क्षेत्र (सुधार और उन्मूलन) अधिनियम, 1956 (1956 का 96) अभिप्रेत है ;

(ण) "उपाध्यक्ष" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन नियुक्त किया गया प्राधिकरण का उपाध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(त) उन सभी अन्य शब्दों, और पदों, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो उनके अधिनियम में है।

अध्याय 2

नजूल भूमि का आवंटन

3 प्रयोजन जिनके लिए नजूल भूमि आवंटित की जा सकेगी :— प्राधिकरण लोकोपयोगिताओं, सामुदायिक प्रसुविधाओं, खुले स्थानों, पार्कों, खेल के मैदानों, आवासीय, प्रयोजनों, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगों और ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए, जो केन्द्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे, नजूल भूमि आवंटित कर सकेगा।

4. वह व्यक्ति जिन्हें नजूल भूमि आवंटित की जा सकेगी :— प्राधिकरण, योजनाओं के अनुरूप और इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, नजूल भूमि व्यक्तियों, व्यक्ति निकायों, पब्लिक और प्राइवेट संस्थाओं, सहकारी भवन निर्माण सोसाइटियों, अन्य व्यष्टिक, सहकारी सोसाइटियों, उद्योगपति सहकारी सोसाइटियों और केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के विभागों को आवंटित कर सकेगा।

5. कतिपय पब्लिक संस्थाओं को नजूल भूमि के आवंटन के लिए प्रीमियम की दरें :—प्राधिकरण, विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों अस्पतालों, अन्य सामाजिक और पूर्णार्थ संस्थाओं, धार्मिक, राजनैतिक, अर्द्ध राजनैतिक संगठनों और स्थानीय निकायों को लाभकारी, अर्द्धलाभकारी या अलाभकारी प्रयोजनों के लिए उस प्रीमियम और भू-किराए पर जो इन नियमों के प्रवृत्त होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त था या ऐसी दरों पर जो केन्द्रीय सरकार समय पर अवधारित करे, नजूल भूमि आवंटित कर सकेगा।

6. पूर्वअवधारित दरों पर नजूल भूमि का आवंटन : प्राधिकरण, इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए निम्नलिखित मामलों में पूर्व अवधारित दरों पर नजूल भूमि आवंटित करेगा, अर्थात् :—

(1) ऐसे व्यक्तियों को जिनकी भूमि 1 जनवरी, 1961 के पश्चात् दिल्ली के योजनाबद्ध विकास के लिए अर्जित की गई है और जो नजूल भूमि का भाग रूप है :

परन्तु यदि किसी व्यक्ति को आवासिक भू-खण्ड आवंटित किया जाता है तो ऐसे भू-खण्ड का आकार प्रभावक द्वारा उससे अर्जित की गई भूमि के क्षेत्र और मूल्य तथा आवंटित किए जाने वाले भू-खण्ड की अवस्थिति और उसके मूल्य पर विचार करने के पश्चात् अवधारित किया जाएगा।

(2) खण्ड (1) में विनिर्दिष्ट से भिन्न निम्न आय वर्ग और मध्य आय वर्ग के ऐसे व्यक्तियों को,

(क) जो ऐसे किसी क्षेत्र के भवन में किराएदार है जिसकी बाबत गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश किया गया है ;

(ख) जो किसी गन्दी बस्ती क्षेत्र या अन्य घनी बस्ती क्षेत्र में किसी ऐसे भू-खण्ड का जो 67 वर्ग मीटर से कम माप का है, स्वामी है या किसी गन्दी बस्ती क्षेत्र या अन्य घनी बस्ती क्षेत्र में किसी ... का स्वामी है ;

(3) खण्ड (1) और (2) में विनिर्दिष्ट से भिन्न ऐसे व्यक्तियों को, जो निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग के हैं, भूमि आवंटन सलाहकार समिति के पर्यवेक्षणाधीन संचालित लाट निकाल कर,

(4) नियम 13 के उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को या युद्ध के दौरान मारे गए रक्षा कार्मिकों की विधवाओं को या भूतपूर्व सैनिकों, विकलांग व्यक्तियों को,

(5) ऐसे उद्योगपतियों और भाण्डागारों के स्वामियों और अधिभोगियों को जिनसे महायोजना के अधीन अननुरूप क्षेत्रों से अपने उद्योगों और भाण्डागारों को अनुरूप क्षेत्रों में शिफ्ट करने की अपेक्षा की जाती है या जिनकी भूमि अधिनियम के अधीन अर्जित की गई है या अर्जित की जाने वाली है :

परन्तु ऐसे औद्योगिक भू-खण्ड का आकार योजनाओं के अनुसार स्थापित या स्थापित किए जाने वाले उद्योग या भाण्डागार की अपेक्षाओं और ऐसे उद्योगपतियों और भाण्डागारों के स्वामियों की ऐसे उद्योग या भण्डागार स्थापित करने और उसे चलाने की हैसियत के प्रति निर्देश लेते हुए और इस शर्त पर कि पूर्व अवधारित दरों पर आवंटित भूमि किसी भी दशा में उस भूमि के आधार से अधिक नहीं होगी जो ऐसे उद्योगपति या भाण्डागार के स्वामी और अधिभोगी से अर्जित की गई है जो नजूल भूमि का भाग रूप है, अवधारित किया जाएगा :

परन्तु यह और कि ऐसा आवंटन करते समय प्राधिकरण को भूमि आवंटन सलाहकार समिति द्वारा सलाह दी जाएगी ;

(6) सहकारी समूह आवासन सोसाइटी सहकारी आवासन सोसाइटियों, उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों और उद्योगपतियों की सहकारी सोसाइटियों को "पहले आइए, पहले पाइए" के आधार पर।

7. कतिपय अनुज्ञात उद्योगपतियों को भूमि का आवंटन :—जहां कोई उद्योगपति जिसके पास नया उद्योग स्थापित करने के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी के अधीन आयात या विनिर्माण अनुज्ञप्ति है और जो नियम 6 के खण्ड (5) के अधीन पूर्व अवधारित दरों पर नजूल भूमि के आवंटन का हकदार नहीं है, अपना अनुज्ञप्ति के प्रयोजन के लिए नजूल भूमि के आवंटन हेतु आवेदन करता है, वहां प्राधिकरण द्वारा ऐसे उद्योगपति को उस प्रयोजन के लिए भूमि को विद्यमान बाजार कीमत को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकरण के वित्त और लेखा सदस्य से परामर्श करके अध्यक्ष द्वारा नियत किए गए प्रीमियम पर, भूमि का आवंटन किया जा सकेगा।

8. आवंटन की रीति : नियम 5, 6 और 7 में जैसा कि उपबंधित है उसके सिवाय, किसी आवासिक प्रयोजन, औद्योगिक प्रयोजन, वाणिज्यिक प्रयोजन या किसी अन्य प्रयोजन के लिए नजूल भूमि का आवंटन ऐसे प्रीमियम का संदाय करने पर किया जाएगा, जो इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार या तो नीलामी द्वारा या निविदा द्वारा अवधारित किया जाए।

9. गन्दी बस्ती उन्मूलन क्षेत्रों के स्वामियों को आवंटन :—जहां कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी ऐसे क्षेत्र में किसी भवन का स्वामी है या उसमें निवास करता है जिसकी बाबत गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश किया गया है या जिसकी भूमि अधिनियम के अधीन अर्जित कर ली गई है आवासिक प्रयोजन के लिए गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश के अनुसार उन्मूलित या अधिनियम के अधीन अर्जित कर ली गई भवन की भूमि के बदले में नजूल भूमि के आवंटन के लिए आवेदन करता है वहां उसे 67 वर्गमीटर भू-खण्ड के न्यूनतम आकार के अधीन रहते हुए उस प्रयोजन के लिए बिना किसी प्रभार के 111.48 वर्ग मीटर नजूल भूमि आवंटित की जा सकेगी ;

परन्तु यह तब जब कि ऐसा व्यक्ति (क) निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग का है ;

(ख) उक्त नियम के अधीन संदेय प्रतिकर के बिना आवंटन स्वीकार करता है ;

(ग) उस गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश के अनुसार ऐसे भवन की उन्मूलित भूमि का पुनः विकास करने का दावा नहीं करता है ;

(घ) ऐसी भूमि का या उस भूमि का, जिसे उक्त अधिनियम के अधीन अर्जित किया गया है, कब्जा सक्षम प्राधिकारी को दे देता है; और

(ङ) जहां यथा पूर्वोक्त उसकी भूमि का आकार 67 वर्गमीटर से कम है, निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग के व्यक्ति को, जिसका भी वह है, लागूपूर्व अवधारित दरों पर अतिरिक्त भूमि के लिए संदाय करने हेतु सहमत है।

10. गन्दी बस्ती क्षेत्र के किराएदारों को आबंटन :—जहां कोई ऐसा व्यक्ति जो ऐसे क्षेत्र के किसी भवन में किराएदार है जिसकी बाबत गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश किया गया है, आवासिक प्रयोजन के लिए नजूल भूमि के आबंटन हेतु आवेदन करता है वहां उसे पूर्व अवधारित दरों पर उस प्रयोजन के लिए उस भूमि का 67 वर्गमीटर का भूखण्ड आबंटित किया जा सकेगा। परन्तु यह तब जब कि ऐसा व्यक्ति

(क) निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग का है ;

(ख) गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन अपने अधिभोगाधीन भवन का कब्जा सक्षम प्राधिकारी को दे देता है ;

(ग) किसी गन्दी बस्ती उन्मूलन स्कीम के किसी भवन में शिफ्ट करने का चुनाव नहीं करता है;

(घ) गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन उस भवन के अधिभोग में प्रतिस्थापित किए जाने का चुनाव नहीं करता है ।

11. गन्दी बस्ती क्षेत्रों के खतरनाक भवनों के स्वामियों को आबंटन :—जहां कोई व्यक्ति जो किसी गन्दी बस्ती क्षेत्र या अन्य घनी बस्ती क्षेत्र में किसी भू-खण्ड का, जिसका क्षेत्रफल 67 वर्ग मीटर से कम है, या किसी मकान का जिसे गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम या किसी अन्य विधि के उपबन्धों के अधीन मानव आवास के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया है और जिसे पुनः निर्माण या पुनः विकास के लिए गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम या किसी अन्य विधि के अधीन अनुज्ञा प्राप्त नहीं है आवासिक प्रयोजन के लिए नजूल भूमि के आबंटन हेतु आवेदन करता है, वहां उसे पूर्व अवधारित दरों पर उस प्रयोजन के लिए 67 वर्गमीटर से अनधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड का आबंटन किया जा सकेगा :

परन्तु यह तब जब कि वह गन्दी बस्ती क्षेत्र या घनी बस्ती परिक्षेत्र की अपनी भूमि अभ्यर्पित कर देता है ।

12. आवासिक प्रयोजनों के लिए आबंटन में पूर्विकता :—आवासिक प्रयोजनों के लिए आबंटन हेतु भूमि की उपलब्धता के अधीन रहते हुए नियम 6 के खण्ड (i) से (iii) में निर्दिष्ट व्यक्तियों में से खण्ड (i) में निर्दिष्ट व्यक्ति को खण्ड (ii) में निर्दिष्ट व्यक्ति से और खण्ड (ii) में निर्दिष्ट व्यक्ति को खण्ड (iii) में निर्दिष्ट व्यक्ति से अधिमान दिया जाएगा ।

13 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य के लिए आरक्षण :—(1) प्राधिकरण, केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा से, किसी दिए समय में आवासिक प्रयोजन हेतु आबंटन के लिए उपलब्ध नजूल भूमि का ऐसा प्रतिशत, निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग के ऐसे व्यक्तियों के लिए जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का सदस्य है, युद्ध में मृत रक्षा कार्मिकों की विधवा, भूतपूर्व सैनिकों, विकलांग व्यक्तियों या ऐसे अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए जो अनुज्ञा में विनिर्दिष्ट किए जाएं, आबंटन के लिए आरक्षित रखेगा ।

(2) 111.48 वर्ग मीटर से अनधिक माप वाले भू-खण्डों को उपनियम (1) में निर्दिष्ट व्यक्तियों, को आवासिक प्रयोजन के लिए पूर्व अवधारित दरों पर आबंटित किया जाएगा और जहां उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक व्यक्ति प्रवर्ग की संख्या के लिए आरक्षित भूखण्डों की संख्या से ऐसे व्यक्तियों की संख्या से अधिक हो जाती है, वहां आबंटन भूमि आबंटन सलाहकार समिति के पर्यवेक्षण में लाट निकाल कर किया जाएगा।

14. आरक्षण से साधारण आबंटन के अधिकार पर प्रभाव न पड़ना—नियम 13 के अधीन नजूल भूमि के लिए किए गए आरक्षण के होते हुए भी जहां ऐसा कोई व्यक्ति जो इस नियम में निर्दिष्ट है, इस प्रकार आरक्षित नजूल भूमि में उपनियम के अधीन लाट निकाले जाने पर भूखण्ड का आबंटन पाने में असफल रहता है वहां वह प्रथम उल्लिखित नियम के अधीन अनारक्षित किसी नजूल भूमि में नियम 6 के खण्ड (iii) के अधीन लाट द्वारा आवासिक प्रयोजन के लिए पूर्व अवधारित दरों पर, भू-खण्ड के आबंटन के लिए हकदार होगा :

परन्तु यह तब जब कि ऐसा व्यक्ति निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग का है ।

15. ऐसे व्यक्तियों को आबंटन जिन्होंने कतिपय शर्तों पर नजूल भूमि का आबंटन अस्वीकार किया है :—वह निम्न आय वर्ग या मध्य आय वर्ग का कोई व्यक्ति नियम 17 में उल्लिखित शर्तों से भिन्न नियम 9, 10 या 11 में उल्लिखित शर्तों पर आवासिक प्रयोजन के लिए नजूल भूमि का आबंटन अस्वीकार कर देता है । वह व्यक्ति—

(क) नियम 13 के अधीन, यदि वह उस नियम में निर्दिष्ट व्यक्ति है ।

(ख) किसी अन्य दशा में, नियम 6 के खण्ड (iii) के अधीन, आवासिक प्रयोजन के लिए, पूर्व अवधारित दरों पर नजूल भूमि के आबंटन का हकदार होगा ।

16. नीलामी द्वारा आबंटन के हकदार कतिपय व्यक्ति :—इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, सभी व्यक्ति जिनके अन्तर्गत निम्नलिखित व्यक्ति प्रवर्ग भी हैं, आवासिक प्रयोजन के लिए नीलामी द्वारा नजूल भूमि के आबंटन के लिए हकदार होंगे, अर्थात् :—

(i) ऐसे व्यक्ति जो किसी ऐसे गन्दी बस्ती क्षेत्र में, जिसकी बाबत गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन गन्दी बस्ती उन्मूलन आदेश किया गया है, अपने स्वामित्वाधीन किसी भवन में नहीं रह रहे हैं ;

(ii) ऐसे व्यक्ति जिनकी भूमि, खण्ड (i) में यथा निर्दिष्ट किसी क्षेत्र में स्थित है और गन्दी बस्ती क्षेत्र अधिनियम के अधीन अर्जित कर ली गई है और जो अन्यत्र रहते हैं ।

(3) ऐसे व्यक्ति जो नियम 9, 10 या 11 में उल्लिखित शर्तों पर आबंटन अस्वीकार कर देते हैं और जो नियम 15 के अधीन आबंटन के लिए हकदार नहीं है ;

(iv) ऐसे व्यक्ति जो गन्दी बस्ती क्षेत्र के अधीन किसी गन्दी बस्ती क्षेत्र में स्थित किसी पैतृक भूमि या भवन के सह-अंशधारी हैं और ऐसी भूमि या ऐसे भवन में जिनका व्यक्तिगत अंश 67 वर्ग मीटर से कम नहीं है ।

17. आवासिक प्रयोजनों के लिए आबंटन पर साधारण निबंधन—इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, नियम 6 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति से भिन्न किसी ऐसे व्यक्ति को आवासिक प्रयोजनों के लिए नजूल भूमि का कोई भू-खण्ड आबंटित नहीं किया जाएगा जिसके या जिसकी पत्नी या जिसके पति या उस पर निर्भर किसी बालक के पास चाहे वह अवयस्क हो या नहीं, या उस पर निर्भर माता-पिता या उस पर निर्भर उसके अवयस्क भाई या बहन के पास जो सामान्यतः ऐसे व्यक्ति के साथ रहता है/रहती है दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के भीतर पूर्णतः या भागतः पटटाधृत पर या मुक्त धृत पर कोई आवासिक भूमि या मकान है या जिसे अवक्रम के आधार पर कोई आवासिक भू-खण्ड या मकान आबंटित किया गया है :

परन्तु जहां नजूल भूमि के आबंटन की तारीख को—

(क) ऐसे व्यक्ति के स्वामित्वाधीन या उसे आबंटित अन्य भूमि 67 वर्ग मीटर से कम है,

(ख) ऐसे व्यक्ति के स्वामित्वाधीन मकान ऐसे भूखण्ड पर है, जिसका माप 67 वर्ग मीटर से कम है, या

(ग) ऐसे व्यक्ति का किसी ऐसी अन्य भूमि या मकान में इतना अंश है, जिसकी माप 67 वर्ग मीटर से कम है, वहां उस व्यक्ति को इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अनुसार नजूल भूमि का भू-खण्ड आबंटित किया जा सकेगा ।

18. भू-खण्ड का आकार :—इन नियमों में अन्यथा जैसा उपबंधित है उसको छोड़कर आवासिक प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति को आबंटित खण्ड का अधिकतम आकार निम्नलिखित होगा :

(i) ऐसे व्यक्ति की दशा में जो निम्न वर्ग का है, 104 वर्ग मीटर ;

(ii) ऐसे व्यक्ति की दशा में जो मध्य आय वर्ग का है, 167 वर्ग मीटर किन्तु 105 वर्ग मीटर से कम नहीं :

(iii) किसी अन्य दशा में, 500 वर्ग मीटर ।

19. औद्योगिक या वाणिज्यिक भू-खण्डों का आबंटन :—(1) नियम 6 के खण्ड (5) में अन्यथा जैसा कि उपबंधित है उसे छोड़कर, किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए नजूल भूमि के भूखण्डों की संख्या और उनका आकार समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा अवधारित किया जाएगा ।

(2) किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए भूखण्ड का आबंटन करते समय प्राधिकरण भूमि आबंटन सलाहकार समिति की सलाह द्वारा मार्ग दर्शित होगा ।

(3) भूमि आबंटन सलाहकार समिति, प्राधिकरण को अपनी सिफारिशें करने में ऐसे सुसंगत कारणों पर विचार करेगी जो वह किसी मामले की परिस्थितियों में उचित समझे ।

(4) उप नियम (3) के उपबंध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, भूमि आबंटन सलाहकार समिति यह विचार करेगी कि उद्योग या वाणिज्यिक स्थापन की स्थापना योजना के अनुरूप है या नहीं और योजना के अन्तर्गत किसी उद्योग या वाणिज्यिक स्थापन से अनुरूप क्षेत्र से अनुरूप क्षेत्र में शिफ्ट करना अपेक्षित है या नहीं ।

20. कतिपय पब्लिक संस्थाओं को आबंटन :—नियम 5 में निर्दिष्ट किसी पब्लिक संस्था को तब तक नजूल भूमि का आबंटन नहीं किया जाएगा जब तक कि—

(क) उस पब्लिक संस्था के पक्षों और उद्देश्यों के अनुसार—

(i) वह प्रत्यक्ष रूप से दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र की जन संख्या के हितों का साधन नहीं करती ;

(ii) वह साधारणतः दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के योजनाबद्ध विकास में सहायक नहीं है ;

(iii) उस पब्लिक संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रकृति से यह स्पष्ट नहीं है कि वह उस संघ राज्य क्षेत्र से भिन्न स्थान पर समान दक्षता से अपने कार्य का संचालन नहीं कर सकती है ।

(ख) वह सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी नहीं है, या ऐसी संस्था सरकार अथवा किसी स्थानीय प्राधिकरण के स्वामित्वाधीन नहीं है या उसके द्वारा चलाई नहीं जा रही है या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित या स्थापित नहीं है ;

(ग) वह अलाभकारी प्रकृति की नहीं है ;

(घ) उसके पास भूमि की लागत और अपने उपयोग के लिए भवन सन्निर्माण को पूरा करने के लिए पर्याप्त निधि नहीं हैं ; और

(ङ) ऐसी संस्था के लिए आबंटन दिल्ली प्रशासन के किसी विभाग द्वारा या केन्द्रीय सरकार के किसी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नहीं है या उसकी सिफारिश नहीं की गई है ।

21. सहकारी सोसाइटियों को आबंटन :—ऐसे आकार की नजूल भूमि का जो प्राधिकरण समय-समय पर केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से विनिश्चित करे पूर्व अवधारित दरों पर ऐसी सहकारी समितियों को जो दिल्ली सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1972 (1972 का 35) के अधीन रजिस्ट्रीकृत हैं जैसा कि नियम 6 के खण्ड (vi) में विनिर्दिष्ट है ऐसी सोसाइटी द्वारा किए गए इस बचनबंध के अधीन रहते हुए कि वह ऐसी भूमि का उपयोग केवल सद्भावनापूर्ण प्रयोजन या कारबार के लिए ही करेगी पट्टा धृति के आधार पर आबंटन किया जा सकेगा ।

22. पट्टा धृति अधिकारों का निधान :—जहां नजूल भूमि किसी सहकारी सोसाइटी को आबंटित की जाती है, वहां उस पर के पट्टाधृति अधिकार भारत के राष्ट्रपति और सोसाइटी के बीच निष्पादित पट्टा विलेख के निबन्धनों के अधीन रहते हुए, ऐसी सोसाइटी को ही रहेंगे ।

23. सहकारी सोसाइटियों और उनके सदस्यों के बीच करार :—जहां नजूल भूमि किसी सहकारी सोसाइटी को आबंटित की गई है वहां सोसाइटी के ऐसे सदस्य जिन्हें ऐसी सोसाइटी द्वारा भू-खण्ड या फ्लैट आबंटित किया जाता है, उन्हें आबंटित ऐसी प्रत्येक भू खण्ड या फ्लैट की बाबत सोसाइटी के पक्ष में एक उपपट्टा निष्पादित करेंगे । ऐसे उप पट्टे के निबन्धन और शर्तें जहां तक परिस्थितियां अनुज्ञात करें उन नियमों से संलग्न प्ररूप क और प्ररूप ख के अनुसार होंगी । इसके अतिरिक्त, ऐसे उपपट्टे में ऐसी प्रसंविदाएं खण्ड या शर्तें जो प्ररूप क या प्ररूप ख के उपबन्धों से असंगत नहीं और जिन्हें सोसाइटी द्वारा आवश्यक तथा सलाह योग्य समझा जाए किसी विशिष्टि उप पट्टे की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सम्मिलित की जा सकती है ।

24 भू-खण्डों के प्रीमियम या कीमत वसूल करने की रीति :—नियम 29, 36 और 40 में जैसा अन्यथा उपबंधित है उसे छोड़कर इन नियमों के उपबंधों के अनुसार नजूल भूमि के भूखण्ड पर प्रभार्य प्रीमियम या कीमत निम्नलिखित रीति से किस्तों में वसूल की जाएगी अर्थात :—

(क) आवासिक भूखण्डों की दशा में,—

25 प्रतिशत आबंटन के समय ;

50 प्रतिशत सड़कें बन जाने और भूखण्ड सीमांकित किए जाने के पश्चात् भूखण्ड का कब्जा देने के समय ; और

25 प्रतिशत भूखण्ड का कब्जा देने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति पर या सेवाएं पूरी हो जाने पर, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो

(ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक भूखण्डों की दशा में जिनके अन्तर्गत भाण्डागारों के स्वामियों या अधिभोगियों को आबंटित भूखण्ड भी है :—

25 प्रतिशत आबंटन के समय ,

25 प्रतिशत सड़कें बन जाने और भू-खण्ड सीमांकित किए जाने के पश्चात् भूखण्ड का कब्जा देने के समय; और

50 प्रतिशत भूखण्ड का कब्जा देने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति पर या सेवाएं पूरी हो जाने पर, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो ।

25. प्राधिकरण के उपयोग के लिए नजूल भूमि :—प्राधिकरण अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के अनुपालन में समर्थ होने के विचार से केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा से ऐसी निबन्धन और शर्तों पर जो अनुज्ञापन में विनिर्दिष्ट की जाएं, अपने निजी उपयोग के लिए नजूल भूमि अलग रख सकेगा ।

अध्याय 3

नीलामी द्वारा आबंटन

26 नीलामी द्वारा आबंटन :—योजना के अधीन रहते हुए ऐसी नजूल भूमि जो प्राधिकरण विनिश्चित करे, केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से उस अध्याय में विहित रीति से नीलामी द्वारा आबंटित की जा सकेगी ।

27 नीलामी की प्रक्रिया : प्राधिकरण व्यापक परिचालन वाले विभिन्न भाषाओं के समाचार पत्रों में, पहले से ही, कम से कम तीस दिन पूर्व, नीलामी द्वारा आबंटित किए जाने वाले भू-खण्डों के निम्नलिखित ब्यौरे देते हुए एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करवाएगा

(क) भूखण्डों की संख्या

(ख) भूखण्डों का आकार

(ग) भूखण्डों का क्षेत्र और जोन

(घ) वह समय, तारीख और स्थान जहां से आशयित क्रेता नीलामी के निबंधन और शर्तें तथा अन्य ब्यौरे जिनके अन्तर्गत पूरा किए जाने के लिए अपेक्षित निबन्धन और शर्तें तथा नीलामी में भाग लेने के लिए संदेय फीस भी है, प्राप्त कर सकता है;

(ङ) नीलामी का समय, तारीख और स्थान और

(च) ऐसे अन्य ब्यौरे जो प्राधिकारी उचित समझे ।

28 नीलामी का संचालन : (1) नीलामी उपाध्यक्ष द्वारा इस निमित्त नियुक्त किए गए एक अधिकारी द्वारा संचालित की जाएगी ।

(2) ऐसा अधिकारी एक समिति की उपस्थिति में और उसके पर्यवेक्षण के अधीन उस नीलामी का संचालन करेगा, उस समिति में उपाध्यक्ष द्वारा इस निमित्त नियुक्त किए गए प्राधिकरण के कम से कम दो ज्येष्ठ अधिकारी होंगे ।

29. सर्वोच्च बोली लगाने वाले को विक्रय : नीलामी का संचालन करने वाला अधिकारी सामान्यतः उपाध्यक्ष द्वारा पुष्टि किए जाने के अधीन रहते हुए, नीलामी समाप्त होने के समय लगाई उच्चतम बोली को स्वीकार करेगा और वह व्यक्ति जिसकी बोली स्वीकार की जाती है, अग्रिम धन के रूप में अपनी बोली के 25 प्रतिशत के समतुल्य राशि को संदाय करेगा और अतिशेष रकम का बोली स्वीकार किए जाने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर या ऐसी अवधि के भीतर जो उपाध्यक्ष नियम 27 के अधीन सार्वजनिक सूचना द्वारा या किसी अन्य सूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे, संदाय करेगा ।

30. किसी बोली को नामंजूर : नीलामी का संचालन करने वाला अधिकारी, कारणों को लेखबद्ध करके तथा उपाध्यक्ष को प्रस्तुत करके किसी भी बोली को जिसके अन्तर्गत सर्वोच्च बोली भी है, नामंजूर कर सकेगा ।

31. वापस लेने की अनुज्ञा नहीं :—कोई भी व्यक्ति जिसकी बोली नीलामी का संचालन करने वाले अधिकारी द्वारा स्वीकार कर ली गई है, अपनी बोली वापस लेने का हकदार नहीं होगा ।

32. अग्रिम धन का समपहरण :—किसी ऐसे व्यक्ति का जो बोली की अतिशेष रकम का नियम 29 में उपबंधित अवधि के भीतर संदाय नहीं करता है, अग्रिम धन समपहृत हो जाएगा और उस भूखंड की पुनः नीलामी करने के लिए उपाध्यक्ष सक्षम होगा ।

अध्याय 4

निविदा द्वारा आबंटन

33. निविदा द्वारा आबंटन : योजनाओं के अधीन रहते हुए ऐसी नजूल भूमि का जो प्राधिकरण, समय समय पर केन्द्रीय सरकार के परामर्श से विनिश्चय करे आबंटन इस अध्याय में उपबंधित रीति से निविदा द्वारा किया जाएगा ।

34. निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया : प्राधिकरण व्यापक परिचालन वाले विभिन्न भाषाओं के समाचार पत्रों में कम से कम तीस दिन पूर्व, निविदा द्वारा आबंटित किए जाने वाले प्लाटों के निम्नलिखित ब्यौरे देते हुए एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करवाएगा ।

(क) भूखंडों की संख्या

(ख) भूखंडों का आकार

(ग) भूखंडों का क्षेत्र और जोन ।

(घ) वह समय तारीख स्थान जहां से

आशयित निविदाकर्ता निविदा के निबंधन और शर्तें तथा अन्य ब्यौरे, जिनके अन्तर्गत पूरे किए जाने के लिए अपेक्षित निबन्धन और शर्तें तथा निविदा में भाग लेने के लिए संदेय फीस भी है, प्राप्त कर सकता है :

(ङ) निविदा की प्राप्ति के लिए समय, तारीख और स्थान जिसके अन्तर्गत उसकी प्राप्ति की अंतिम तारीख भी है।

(च) निविदा खोले जाने का समय, तारीख और स्थान और

(छ) ऐसे अन्य ब्यौरे, जो प्राधिकरण उचित समझे ।

35. निविदाओं की स्वीकृति : उपाध्यक्ष, निविदाएं प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण के किसी अधिकारी को (जिसे इसके पश्चात इन नियमों में प्रतिगृहीता अधिकारी कहा गया है) नाम निर्दिष्ट करेगा और उसका नाम तथा पदनाम अधिसूचित करेगा ।

36. अग्रिम धन का निक्षेप : प्रत्येक निविदाकार अपनी निविदा के साथ स्वयं द्वारा प्रस्थापित प्रीमियम के 25 प्रतिशत के समतुल्य राशि का अग्रिम धन के रूप में निक्षेप करेगा ।

37. निविदाओं की प्राप्ति : (1) सभी निविदाएं मुहरबन्द की जाएंगी और प्राधिकरण को संबोधित की जाएंगी और प्रतिगृहीता अधिकारी उन्हें प्राप्त करेगा और किसी निविदा की प्राप्ति पर उसकी प्राप्ति स्वरूप निविदा देने वाले व्यक्ति को रसीद देगा, तथा निविदाकार का नाम और पता एक रजिस्टर में लिखेगा ।

(2) नियम 34 के अधीन सूचना में निविदा की स्वीकृति के लिए विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर प्राप्त सभी निविदाएं प्रतिगृहीता अधिकारी द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाएंगी ।

38. निविदाओं का खोला जाना : प्रतिगृहीता अधिकारी नियम 34 के अधीन सूचना में इस निमित्त विनिर्दिष्ट तारीख, स्थान और समय पर, ऐसे निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की, जो उस स्थान पर उपस्थित रहना चाहें, उपस्थिति में निविदाएं खुलवाएगा ।

39. उच्चतम निविदा का स्वीकार किया जाना : प्रतिगृहीता अधिकारी, उपाध्यक्ष द्वारा पुष्टि किए जाने के अधीन रहते हुए, सामान्यतः प्राधिकरण द्वारा किसी भूखंड के लिए विनिर्दिष्ट कीमत का, यदि कोई है ध्यान रखते हुए सर्वोच्च निविदा स्वीकार करेगा :

परन्तु प्रतिगृहीता अधिकारी, कारणों को लेखबद्ध करके और उपाध्यक्ष को प्रस्तुत करके किसी भी निविदा को, जिसके अन्तर्गत उच्चतम निविदा भी है, नामंजूर कर सकेगा ।

40. अन्तिम स्वीकृति : उपाध्यक्ष या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट कोई अधिकारी, निविदाओं के खोले जाने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर उस निविदाकार को जिसकी निविदा स्वीकार की गई है ऐसी अवधि के भीतर जो उपाध्यक्ष या प्रतिगृहीता अधिकारी विनिर्दिष्ट करे उससे अतिशेष रकम विप्रेषित करने की अपेक्षा करते हुए, संसूचित करेगा ।

41. अन्य निविदाकारों को संसूचना उपाध्यक्ष या प्रतिगृहीता अधिकारी, निविदा खोले जाने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर अन्य सभी निविदाकारों को उनकी निविदाएं अस्वीकार किए जाने की सूचना भेजेगा और उनसे प्राप्त अग्रिम धन उन्हें वापस करेगा ।

अध्याय 8

प्रकीर्ण

42 आबंटितियों का केन्द्रीय सरकार का पट्टाधारी होना : (1) नियम 44 में जैसा अन्यथा उपबंधित है उसे छोड़कर इन नियमों के अधीन आबंटित संपूर्ण नजूल भूमि, चाहे वह पूर्ण अवधारित दरों पर हो या नियम 7 के अधीन नियम दर पर हो या नीलामी द्वारा या निविदा द्वारा हो आबंटिती भारत के राष्ट्रपति के पट्टेदार के रूप में इन नियमों द्वारा विहित और आबंटिती द्वारा निष्पादित पट्टा विलेख में अन्तर्विष्ट निबन्धन और शर्तों पर धारण करेगा।

(2) प्रत्येक ऐसा आबंटिती इन नियमों के अनुसार संदेय प्रीमियम के अतिरिक्त इन नियमों के अधीन उसे आबंटित नजूल भूमि रखने के लिए भू किराया भी एक रुपया प्रति वर्ष प्रति भू खंड की दर पर, आवेदन की तारीख से प्रथम पांच वर्ष की अवधि तक, देने के लिए दायी होगा :

परन्तु सामूहिक गृह निर्माण सहकारी सोसाइटियों को आबंटित नजूल भूमि के मामलों में भू किराया आबंटन की तारीख से प्रथम पांच वर्ष की अवधि तक एक रुपया प्रति फ्लैट की दर पर प्रभारित किया जाएगा।

(3) उपनियम (2) में निर्दिष्ट प्रथम पांच वर्ष के पश्चात संदेय वार्षिक भू किराए की दर मूलतः संदेय प्रीमियम का 2-1/2 (ढाई) प्रतिशत होगी।

(4) सभी मामलों में भू किराया की दर आबंटन की तारीख से तीस वर्ष की अवधि के पश्चात बढ़ाई जा सकेगी।

43. आबंटिती द्वारा निष्पादित किया जाने वाला पट्टा : नजूल भूमि का प्रत्येक आबंटिती इन नियमों से संलग्न प्ररूप "ग" के अनुसार एक पट्टा विलेख निष्पादित करेगा (इसके अतिरिक्त पट्टाभिलेख में, ऐसी अन्य प्रसंविदाएं खंड या शर्तें जो प्ररूप "ग" के उपबंधों से असंगत न हो और जिन्हें किसी मामले की परिस्थितियों में आवश्यक समझा जाए, भी हो सकेगी।

44. नजूल भूमि का स्थायी आबंटन : प्राधिकरण इन नियमों के अधीन रहते हुए और ऐसे मामलों में जहां वह ठीक समझे इन नियमों से संलग्न प्ररूप "घ" में अन्तर्विष्ट अनुज्ञप्ति विलेख के निबंधों और शर्तों के अनुसार अनुज्ञप्ति के आधार पर अस्थाई अवधि के लिए भूमि आबंटित कर सकेगा। इसके अतिरिक्त पट्टा विलेख में ऐसी अन्य प्रसंविदाएं, खंड या शर्तें जो प्ररूप "घ" के उपबंधों से असंगत न हों और जिन्हें प्राधिकरण किसी मामले की परिस्थितियों में सलाह योग्य तथा आवश्यक समझे भी हो सकेंगी।

45. नियमों का केन्द्रीय सरकार के निदेशों का अनुपूरक होना : (1) इन नियमों के उपबन्ध केन्द्रीय सरकार द्वारा समय पर नजूल भूमि के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (3) के अधीन दिए गए निदेशों के अनुपूरक होंगे उनके अल्पीकरण में नहीं।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी उपबन्ध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना :—

(क) इन नियमों के उपबंधों को प्रभावी बनाने में उद्भूत किसी संदेह या विवाद या कठिनाई को दूर करने के लिए, या

(ख) किसी विशिष्ट मामले में जहां केन्द्रीय सरकार का कारणों को अभिलिखित करते हुए, यह समाधान हो जाता है कि उस मामले में इन नियमों के प्रवर्तन से असम्यक कठिनाई होती है, वहां, अधिनियम के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, किसी नियम की अपेक्षा को, ऐसी सीमा तक और ऐसे अपवादों और शर्तों के जो निदेश में विनिर्दिष्ट की जाएं अधीन रहते हुए, उन्हें अभियुक्त करने या शिथिल करने के लिए,

निदेश दिए जा सकेंगे।

[फा० सं० के० 19011/32/80/डीडी आईबी/11बी]

जे० ए० समद, उप सचिव

प्ररूप "क"

(गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी)

सामूहिक गृह—निर्माण सोसाइटी

(नियम 23 देखिए)

दिल्ली प्रशासन

(भूमि और भवन विभाग)

शाश्वत पट्टा

यह करार एक पक्षकार के रूप में दिल्ली विकास प्राधिकरण जो दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 3 के अधीन गठित निकाय है (जिसे इसमें आगे प्राधिकरण कहा गया है) के द्वारा भारत के राष्ट्रपति (जिन्हें इसमें आगे "पट्टा कर्ता" कहा गया है) और दूसरे पक्षकार के रूप में——————————— सोसाइटी, जो दिल्ली सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1972 (1972 का अधिनियम, 35) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय——————————में है, (जिसे इसमें आगे "पट्टेदार" कहा गया है) के बीच तारीख——————————को किया गया।

इसके पक्षकारों के बीच तारीख——————को किए गए करार द्वारा पट्टा कर्ता ने, पट्टेदार को————बीघा और———— बिस्वा या उसके लगभग माप वाले और——————————में स्थित, उक्त—करार की अनुसूची में वर्णित भूखंड पर (जिसे इसमें आगे "उक्त भूमि" कहा गया है) समुचित नगर पालिका या अन्य प्राधिकारी, अर्थात्—————————————————— द्वारा मंजूर की गई अभिन्यास योजना (जिसे इसमें आगे ("अभिन्यास योजना" कहा गया है) के अनुसार उसका विकास करने के प्रयोजन के लिए प्रवेश करने की अनुज्ञप्ति दी है और पट्टाकर्ता, विकास पूर्ण हो जाने के पश्चात्, उक्त भूमि में बनाये गए ऐसे निवासीय भूखंडों को, जिन्हें दिल्ली का उपराज्यपाल कहा गया है अपने पूर्व विवेकानुसार अवधारित करे, पट्टेदार को इस में आगे बताई गई रीति से अन्तरण करने को सहमत हो गया है।

और पट्टेदार ने उक्त भूमि का तदनुसार विकास कर लिया है और उपराज्यपाल ने आवासीक भूखंडों (जिन्हें इसमें आगे "आवासिक भूखंड" कहा गया है) का अन्तरण करना अवधारित कर लिया है।

पट्टेदार ने, पट्टा कर्ता से नजूल भूमि शाश्वत पट्टे पर दिए जाने के लिए आवेदन किया है और पट्टाकर्ता, पट्टेदार द्वारा दिए गए विवरणों और अन्य देशनों के विश्वास पर पट्टेदार को उक्त नजूल भूमि का अन्तरण करने को सहमत हो गया है। यह करार इस बात का साक्षी है कि इस विलेख के विभाजन के पूर्व प्रीमियम हेतु दिए गए —————————— इसमें आगे आरक्षित किराए के तथा इसमें आगे दी अन्तर्विष्ट पट्टेदार की ओर से की गई प्रसंविदाओं के फलस्वरूप, पट्टाकर्ता पट्टेदार को वह सम्पूर्ण नजूल भूमि अन्तरित करता है जो—————————————— की अभिन्यास योजना में यथादर्शित जो आवासिक भूखंडों से युक्त नजूल भूमि है और (जिसका क्षेत्रफल ——————————या उसके लगभग है और जिस नजूल भूमि में अभिन्यास योजना में यथादर्शित आवासिक भूखंड हैं। इस नजूल भूमि का विस्तृत वर्णन इसमें आगे की गई अनुसूची में किया गया है और अधिक स्पष्टता के लिए उस भूखंड की सीमाएं इस लेख से संलग्न अभिन्यास योजना में लाल रेखा से बताई गई है और उसमें लाल रंग भरा गया है। उक्त नजूल भूमि का अन्तरण, भूमि के या उससे अनुलग्न सभी अधिकारों, सुखाचारों और अनुलग्नकों के साथ किया जाता है। पट्टेदार इसके द्वारा अंतरित परिसर को तारीख —————————— शाश्वत रूप से धारण करेगा। यह अन्तरण

इस शर्त पर किया गया है कि पट्टेदार उक्त भूखंड का---------- रुपये के अग्रिम संदेय वार्षिक किराए का और उसके पश्चात् प्रीमियम के ढाई प्रतिशत की दर का (पहले से ही संदत्त रकम का और ऐसी अन्य रकम या रकमों का जो उसमें आगे दी गई प्रसंविदाओं और शर्तों के अधीन प्रीमियम हेतु संदत्त की जाती है) या ऐसे अन्य बढ़े हुए किराये का जो इसके बाद इसमें आगे दी गई प्रसंविदाओं और शर्तों के अधीन निर्धारित किया जाए, सभी कटौतियों से मुक्त रूप में संदाय प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी और 15 जुलाई को बराबर छमाही किस्तों में भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या ऐसे अन्य स्थानों पर करेगा जो पट्टाकर्ता इस प्रयोजन के लिए समय-समय पर अधिसूचित करे। ऐसा प्रथम संदाय---------- की 15 तारीख को किया जाएगा और किराए का संदाय इस पट्टे के प्रारंभ की तारीख से इस अंतिम उल्लिखित तारीख तक जो विलेख के निष्पादन से पूर्व----------ई०"---------- तारीख 15----------19----------केवल होगा।

यह पट्टा इसमें आगे दिए गए उपबंधों, आरक्षणों शर्तों और प्रसंविदाओं के अधीन रहेगा, अर्थात्:—

1. पट्टाकर्ता आवासिक भूखंडों में या उनके नीचे की खानों, खनिजों कोयले, गोल्ड वाशिंग, खनिज तेलों और खदानों को इस पट्टे में सम्मिलित नहीं करता है और उन्हें तथा सभी समय पर ऐसे सभी कार्य और बातें करने का पूरा अधिकार और शक्ति अपने लिए आरक्षित रखता है जो उनकी तलाश करने, उनके खनन, उनकी प्राप्ति करने, हटाने, और उनका उपभोग करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन है। उसके लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह आवासिक भूखंडों के तल के लिए या उन पर तत्समय खड़े किसी भवन के लिए किसी ऊर्ध्वाधर अवलम्ब (खड़े सहारे) की व्यवस्था करे या ऐसा अवलम्ब छोड़े। यह भी उपबंध है कि पट्टाकर्ता इसके द्वारा आरक्षित अधिकारों या उनमें से किसी के प्रयोग से सीधे होने वाले सब नुकसान के लिए पट्टेदार को उचित प्रतिकर देगा।

2. पट्टेदार अपने लिए पट्टाकर्ता से निम्नलिखित रूप से प्रसंविदा करता है, अर्थात्:—

(1) पट्टेदार, पट्टाकर्ता को ऐसे समय के भीतर प्रीमियम हेतु ऐसी अतिरिक्त रकम या रकमों का संदाय करेगा जो उक्त भूमि या उसके किसी भाग की बाबत भूमि अर्जन कलक्टर द्वारा किसी निर्देश पर या अपील में या दोनों में अधिनिर्णीत प्रतिकर मय बढ़ाई जाने पर पट्टाकर्ता द्वारा विनिश्चित की जाये और इस निमित्त पट्टाकर्ता का विनिश्चय अंतिम और पट्टेदार पर आबद्धकर होगा

इसके द्वारा आरक्षित प्रीमियम के ढाई प्रतिशत के वार्षिक किराए को, पट्टाकर्ता द्वारा इस विलेख के निष्पादन के पूर्व प्रीमियम हेतु प्राप्त राशि और प्रीमियम हेतु संदेय ऐसी रकम या रकमों के आधार पर, जो इसमें उपबंधित है, तारीख----------से संगणित किया जाएगा।

(2) पट्टेदार, पट्टाकर्ता को इसके द्वारा आरक्षित वार्षिक किराए का संदाय, उन तारीखों को और उस रीति से करेगा जो इससे इसके पूर्व नियत की गई है।

(3) पट्टेदार अभ्यावेदन योजना से किसी रीति में न तो विचलित होगा और न किसी आवासिक भूखण्ड के आधार पर चाहे उपविभाजन, समामेलन द्वारा हो या अन्यथा, परिवर्तन करेगा।

(4) पट्टेदार इसमें इसके आगे उपबंधित रीति में के सिवाय किसी भी परिस्थिति में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आवासिक भूखंडों की बाबत अपने अधिकारों या उनमें से किसी का समनुदेशन अन्तरण नहीं करेगा और न किसी अन्य प्रकार से उससे विलग होने के लिए हकदार होगा।

(5) (क) पट्टेदार, ऐसे समय के भीतर और ऐसे प्रीमियम तथा वार्षिक किराए पर, जो पट्टाकर्ता नियत करे, अपने प्रत्येक ऐसे सदस्य को, जिसके या जिसकी पत्नी/जिसके पति या जिसके किसी अन्य आश्रित या के पास, जिसके अन्तर्गत अविवाहित संतान भी है, पूर्णतः या भागतः स्वामित्व में, दिल्ली, नई दिल्ली या दिल्ली छावनी के नगरीय क्षेत्रों में, आवंटन धृति या पट्टा धृति आधार पर कोई आवासिक भूखण्ड या भवन नहीं है और जिसे उपराज्यपाल द्वारा अनुमोदित किया गया है आवासिक भूखंड उप पट्टे पर देगा।

(ख) पट्टेदार, ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को, जिसकी वह भूमि जो उक्त भूमि का भाग रूप थी, अर्जित कर ली गई है, इसकी सदस्यता के लिए प्रस्ताव करेगा और यदि वह ऊपर उपखंड (क) के उपबंधों के अनुसार पाई जाती है तो उसे ऐसा आवासिक भूखण्ड जिसका कि उपराज्यपाल अपने पूर्ण विवेकानुसार निदेश दे, वैसे ही निबंधनों और शर्तों पर, जो पट्टेदार के मूल सदस्यों को लागू होती है, उपपट्टे पर देगा।

(ग) परिस्थितियों के अनुसार, जहां तक संभव हो, उपपट्टा इससे संलग्न और ख के रूप में चिह्नित जिसका अनुमोदन पट्टाकर्ता से कर दिया है और जिस पर उसने अभिज्ञान के प्रयोजन के लिए हस्ताक्षर किए है। उक्त रूप पट्टे में वैसी ही प्रसंविदाएं होंगी। जैसी प्रसंविदाएं उपपट्टे के उक्त प्ररूप में उल्लिखित है और उस पट्टे में ऐसी अन्य उचित और समुचित प्रसंविदाएं, खण्ड और शर्तें भी होंगी, जो पट्टाकर्ता द्वारा उपपट्टे के स्वरूप और ऐसी बातों को, जो इस विलेख की तारीख और उक्त उपपट्टे के निष्पादन की तारीख के बीच उद्भूत हों, ध्यान में रखते हुए आवश्यक समझी जाएं या उक्त उपपट्टे के निष्पादन के पूर्व प्रवृत्त होने वाले विधानमंडल के किसी अधिनियम या उचित नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी के किसी नियम, विनियम या उपविधि द्वारा आवश्यक हो जाएं। उसमें ऐसे अन्य उपबंध भी होंगे, जिनका पट्टाकर्ता, इस निमित्त पट्टेदार के आवेदन पर, अनुमोदन करे।

(घ) पट्टेदार या ऐसे सदस्य को, जिसे इसमें यथा उपबंधित आवासिक भूखंड उप पट्टे पर दिया जाएगा, इसमें आगे उप पट्टेदार के रूप में और वह आवासिक भूखंड जो उस उपपट्टे पर दिया जाना है, उक्त "आवासिक भूखंड" के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(ङ) यदि कोई आवासीय भूखंड उप पट्टे पर नहीं किया जाता है या किसी उप पट्टेदार द्वारा अभ्यर्पित कर दिया जाता है या किसी भी रीति में, पट्टेदार द्वारा उसका कब्जा ले लिया जाता है तो पट्टेदार ऐसे आवासिक भूखंड को पट्टाकर्ता को तुरंत अभ्यर्पित कर देगा और पट्टाकर्ता ऐसी क्षतिपूर्ति का संदाय और वार्षिक किराए में ऐसी कमी कर सकेगा जो पट्टाकर्ता अपने पूर्ण विवेकानुसार ठीक समझता है। पट्टाकर्ता ऐसे भूखंड को किसी भी रीति में और किसी को भी, जिसे वह ठीक समझता है, व्ययनित कर सकेगा।

6. पट्टेदार इसके द्वारा यह गारंटी देता है कि

(क) प्रत्येक उपपट्टेदार उचित न्यायपालिका या अन्य प्राधिकारी से आवश्यक डिजाइन, योजना और विनिर्देशों के साथ भवन योजना की मंजूरी अभिप्राप्त करने के पश्चात् तारीख----------से दो वर्षों की अवधि के भीतर (और इस प्रकार विनिर्दिष्ट समय "संविदा का सार" होगा) अपने खर्चे पर आवासीय भूखंड पर निर्माण कराएगा और प्राइवेट निवास के लिए निवासीय भवन को सावधान और कुशल रीति से, ऐसी नगर पालिका या अन्य प्राधिकारी से समाधान प्राप्त से मंजूर की गई भवन योजना के अनुसार अपेक्षित और समुचित दीवार, सीवर और नालियों और अन्य सुविधाओं के साथ पूरा कराएगा।

(ख) उपपट्टेदार अविन्यास योजना से किसी भी रीति में न विचलित होगा या उक्त आवासिक भूखंड का उपविभाजन करेगा या उसे किसी अन्य भूखंड के साथ समामेलित करेगा।

(ग) उपपट्टेदार, किसी ऐसे व्यक्ति को जो पट्टेदार का परिवार नहीं है उक्त संपूर्ण आवासिक भूखंड या किसी भाग का किसी भी रूप या रीति से न तो विक्रय करेगा, न अन्तरण करेगा, न समनुदेशन करेगा और न उसके कब्जे से बेनामी या अन्यथा अलग होगा।

(ब) उपपट्टेदार पट्टेदार को लिखित पूर्व अनुमति के सिवाय, उक्त संपूर्ण आवासिक भूखंड या उसे किसी भाग का पट्टेदार के किसी अन्य सदस्य को न तो विक्रय करेगा, न समनुदेशन करेगा और न इसके कब्जे से अन्यथा अलग होगा। पट्टेदार अपने आत्यन्तिक विवेकानुसार सम्मति देने से इनकार करने का हकदार होगा।

परन्तु यह कि सम्मति दिए जाने की दशा में, पट्टाकर्ता, ऐसे निबंधन और शर्तें अधिरोपित कर सकता है जो वह ठीक समझे और पट्टाकर्ता को विक्रय, अन्तरण, समनुदेशन या कब्जे से अलग होने के समय उक्त आवासिक भूखंड के मूल्य में अनुपार्जित वृद्धि का (अर्थात् संदत्त प्रीमियम और बाजार मूल्य के बीच के अन्तर का दावा करने का और उसे वसूल करने का हक होगा, वसूल की जाने वाली रकम अनुपार्जित वृद्धि का पच्चास प्रतिशत होगी और बाजार मूल्य की बाबत पट्टाकर्ता का विनिश्चय अंतिम और आबद्धकर होगा।

परन्तु यह और कि पट्टाकर्ता को, यथापूर्वोक्त अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की कटौती करने के पश्चात संपत्ति को क्रय करने का अग्रधिकार होगा।

(7) ऊपर उपखंड 6(ब) और 6(घ) में किसी बात के होते हुए भी, उपपट्टेदार, उपराज्यपाल (जिन्हें इसमें आगे "उपराज्यपाल" कहा गया है) को लिखित पूर्व सम्मति से, उक्त आवासिक भूखंड ऐसे व्यक्ति को बंधक रख सकता है या भारित कर सकता है, जिसे उपराज्यपाल अपने पूर्णतः विवेक से अनुमोदन करे।

परन्तु बंधक या भारित संपत्ति के विक्रय या पुरोबंध की दशा में, पट्टाकर्ता, यथा पूर्वोक्त उक्त आवासीय भूखंड के मूल्य में अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत का दावा करने और वसूल करने का हकदार होगा, और उक्त अनुपार्जित वृद्धि के पट्टाकर्ता के शेयर की रकम, उक्त बंधक या भार पर प्राथमिकता रखते हुए, पहला भार होगा। उक्त आवासिक भूखंड के बाजार मूल्य की बाबत पट्टाकर्ता का विनिश्चय अंतिम और सभी संबद्ध पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

परन्तु यह और कि पट्टाकर्ता का, यथापूर्वोक्त अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की कटौती करने के पश्चात, बंधक या भरित संपत्ति को क्रय करने का अग्रधिकार होगा।

(8) पट्टाकर्ता का अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की वसूली का अधिकार और इसमें इसके पूर्व यथा उल्लिखित संपत्ति क्रय करने का अग्रधिकार अवैच्छिक विक्रय या अन्तरण हो, चाहे वह, किसी निष्पादक या दिवाला न्यायालय द्वारा हो या उसके माध्यम से, समान रूप से लागू होगा।

(9) ऊपर उपखंड 6(ग) और 6 (घ) में यथाउल्लिखित निबंधनों, परिसीमाओं और शर्तों के होते हुए भी, उपपट्टेदार ऐसे संपूर्ण भवन या उसके किसी भाग को, जो उक्त आवासिक भूखंड पर केवल प्राइवेट निवास के प्रयोजन के लिए बनवाया जाए, भूमि किरायेदारी पर या पांच वर्ष से अनधिक की अवधि के लिये उपपट्टे पर देने का हकदार होगा।

(10) जब कभी उक्त आवासिक भूखंड में उपपट्टेदार का हक किसी भी रीति में अंतरित होता है तब अन्तरिती इसमें या उपपट्टे में अन्तर्विष्ट सभी प्रसंविदाओं और शर्तों द्वारा उस सीमा तक जो उक्त निवासी आवासिक भूखंड से संबंधित हैं, आबद्ध होगा और उनके लिए सभी प्रकार उत्तरदायी होगा।

(11) जब कभी उक्त आवासिक भूखंड में उपपट्टेदार का हक किसी भी रीति से अन्तरित होता है तो अन्तर्णकर्ता और अन्तरिती अन्तरण के तीन मास के भीतर, ऐसे अन्तरण की सूचना लिखित रूप में पट्टाकर्ता और पट्टेदार को देंगे।

उपपट्टेदार की मृत्यु होने की दशा में ऐसा व्यक्ति जिस पर मृतक का हक न्यागत होता है न्यागमन के तीन मास के भीतर, ऐसे न्यागमन की सूचना पट्टाकर्ता और पट्टेदार को देगा।

यथा स्थिति, अन्तरिती या वह व्यक्ति जिस पर हक न्यागत होता है, अन्तरण या न्यागमन के साक्षी दस्तावेज/दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों का पट्टाकर्ता और पट्टेदार को प्रदाय करेगा।

(12) पट्टेदार समय समय पर और सभी समयों पर प्रत्येक वर्णन के ऐसे सभी रेटों, करों, प्रभारों और निर्धारणों का संदाय और उन्मोचन करेगा, जो अब या इस पट्टे के जारी रहने के दौरान, इसके पश्चात्, किसी भी समय इसके द्वारा अंतरित आवासिक भूखंड या उस पर बनाए जाने वाले किसी भवनों पर या उनके संबंध में भू-स्वामी का किरायेदार पर निर्धारित, प्रभारित या अधिरोपित किए गए हैं या किए जाएं।

(13) इसके द्वारा अन्तरित आवासिक भूखंड की बाबत देय किराया और अन्य संदायों के सभी बकायों की वसूली उसी रीति में की जा सकेगी जिस रीति में भू-राजस्व की बकाया वसूल की जाती है।

(14) यथास्थिति पट्टेदार या उपपट्टेदार समुचित नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी की, मलमय प्रवृत्त जल निकास संबंधी और अन्य उपविधियों का पालन करेगा और उनसे आबद्ध होगा।

(15) यथास्थिति पट्टेदार या उपपट्टेदार समुचित नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी की लिखित मंजूरी या अनुज्ञा के बिना आवासिक भूखण्ड या भूखण्डों पर कोई भवन नहीं बनवाएगा और न ऐसे भवन में कोई परिवर्तन या परिवर्धन ही करेगा।

(16) यथास्थिति पट्टेदार या उपपट्टेदार पट्टाकर्ता की लिखित सम्पत्ति के बिना, किसी आवासिक भूखण्ड पर या उस पर किसी भवन में किसी प्रकार का व्यापार या कारोबार को न तो करेगा और न करने की अनुज्ञा देगा या प्राइवेट निवास के प्रयोजन से भिन्न, किसी प्रयोजन के लिए न तो उसका प्रयोग करेगा और न करने की अनुज्ञा देगा या उस पर न तो कोई ऐसा कार्य या बात करेगा या करने देगा जिससे पट्टाकर्ता की राय में, पट्टाकर्ता को पट्टेदार को या अन्य उपपट्टेदारों को और पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति को न्यूसेन्स, क्षोभ या विघ्न हो।

परन्तु यदि, यथास्थिति, पट्टेदार या उपपट्टेदार किसी आवासिक भूखण्ड या उस पर के किसी भवन का उपयोग, प्राइवेट निवास से भिन्न किसी प्रयोजन के लिए करने का इच्छुक है तो पट्टाकर्ता उपयोगकर्ता के ऐसे परिवर्तन को, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जिनके अन्तर्गत अतिरिक्त प्रीमियम और अतिरिक्त किराए का संदाय भी है, अनुज्ञात कर सकेगा, जो वह अपने अपने पूर्णतः विवेकानुसार अवधारित करे।

(17) यथास्थिति, पट्टेदार या उपपट्टेदार सभी उचित समयों पर, उपराज्यपाल को, अपना यह समाधान करने के लिए कि इसमें अन्तर्विष्ट प्रसंविदाओं और शर्तों का पालन किया गया है और किया जा रहा है, आवासिक भूखण्डों पर आने देगा।

(18) पट्टेदार और खण्ड 7 में यथा उपबन्धित के सिवाय उपपट्टेदार इस पट्टे की समाप्ति पर उक्त आवासिक भूखण्डों और उन पर बने भवनों को शान्तिपूर्वक पट्टाकर्ता को सौंप देंगे।

III. यदि इसके द्वारा आरक्षित वार्षिक किराए के प्रीमियम हेतु संदेय राशि या राशियों या उनका कोई भाग उन तारीखों के, जब वह देय हो गया हो, पश्चात् एक कलेण्डर मास तक किसी समय बकाया और असंदत्त रहेगा, चाहे उनकी मांग की गई हो या नहीं, अथवा यदि यह पाया जाता है कि यह पट्टा या कोई उपपट्टा किसी तथ्य को छिपाकर या किसी गलत विवरण या दुर्व्यपदेशन या कपट द्वारा अभिप्राप्त किया गया है अथवा पट्टाकर्ता को, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा यह राय है कि पट्टेदार ने या उसके माध्यम से या उससे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन दावा करने वाले किसी व्यक्ति ने इसमें इसके पूर्व दी हुई और उसके द्वारा

अनुपालन की जाने वाली प्रसंविदाओं या शर्तों में से किसी का भंग किया है तो उस दशा में, इस बात के होते हुए भी कि इसके द्वारा अन्तरित आवासिक भूखण्ड या उस पर बने भवनों पर पुनः प्रवेश के किसी पूर्व हेतु या अधिकार का अधित्यजन कर दिया गया है, पट्टाकर्त्ता के लिए यह विधि पूर्ण होगा कि वह पुनः प्रवेश करें और आवासिक भूखण्डों या उपपट्टेदार लिए गए किसी भूखण्ड, भवनों और फिक्सचरों का कब्जा ले लें जिनकी बाबत कोई राशि या किराया बकाया है या ऐसा तथ्य किया गया है, गलत विवरण दिया गया है, दुर्व्यपदेशन या करार भंग किया गया है और तब इस प्रकार पुनः प्रवेश किए गये आवासिक भूखण्डों या उप पट्टेदार पर दिए गए भूखण्ड या भूखण्डों की बाबत यह पट्टान्तरण और इसकी सभी बातें समाप्त हो जाएंगी तथा पट्टेदार और उपपट्टेदार किसी भी प्रतिकर के लिए या उस प्रीमियम के लौटाए जाने के लिए, जिसका संदाय उन्होंने किया है, हकदार नहीं होंगे ।

परन्तु इसमें अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, पट्टाकर्त्ता यथापूर्वोक्त पुनः प्रवेश के अपने अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और अपने पूर्ण विवेक से, ऐसी रकम के प्राप्त होने पर और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जो वह अवधारित करें, ऐसे भाग का, अस्थायी रूप से या अन्यथा, अधित्यजन या उपसर्ग कर सकेगा और ऐसी राशि या राशियों या ऐसे किराए का, जो यथापूर्वोक्त बकाया है उस पर छह प्रतिशत वार्षिक की दर से या पट्टाकर्त्ता द्वारा विनिश्चित रूप में ब्याज सहित, संदाय भी स्वीकार कर सकेगा ।

IV कोई भी समपहरण या पुनः प्रवेश तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि पट्टाकर्त्ता ने पट्टेदार और सम्बद्ध उप पट्टेदार पर, लिखित रूप में ऐसी सूचना की तामील न की हो जिसमें :—

(क) उस भंग की विशिष्टि हो, जिसके बारे में शिकायत की गई है,

(ख) यदि भंग उपचार योग्य है तो पट्टेदार और संबद्ध उपपट्टेदार से उस भंग का उपचार करने की अपेक्षा की गई हो, और पट्टेदार तथा सम्बद्ध उप पट्टेदार ऐसे उचित समय के भीतर जो सूचना में उल्लिखित है, उस भंग का, यदि वह उपचार योग्य है तो उपचार करने में असफल न हुआ हो । यदि समयपहरण या पुनः प्रवेश होता है तो पट्टाकर्त्ता अपने विवेकानुसार ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो वह ठीक समझे, उस समपहरण या पुनः प्रवेश के विरुद्ध राहत दे सकेगा ।

इस खण्ड की कोई भी बात,

(क) उपबन्धित समय के भीतर भवन के उपविभाजन या समामेलन निर्माण और उसे पूरा करने तथा खण्ड II में यथा उल्लिखित आवासिक भूखण्डों के अन्तरण से संबंधित प्रसंविदाओं और शर्त के भंग के कारण, या

(ख) यह पट्टा या उपपट्टा किसी तथ्य को छिपाकर, गलत विवरण, दुर्व्यपदेशन या कपट द्वारा अभिप्राप्त किए जाने की दशा में समपहरण या पुनः प्रवेश को लागू नहीं होंगे ।

V. इसके द्वारा आरक्षित किराया 1 जनवरी, 19 ————से और उसके पश्चात् तीस वर्ष की प्रत्येक अवधि के अन्त में बढ़ाया जाएगा परन्तु प्रत्येक बढ़ोतरी के समय नियत किराए में वृद्धि ऐसे प्रत्येक समय पर उस तारीख को जब बढ़ोत्तरी की गई है भवनों के बिना भूमि के पट्टा मूल्य में वृद्धि के आधे से अधिक नहीं होगी और ऐसा पट्टा मूल्य दिल्ली के कलक्टर या अपर कलक्टर द्वारा, जिसे भी पट्टाकर्त्ता नियुक्त करे, निर्धारित किया जाएगा ।

परन्तु यह भी उपबन्ध है कि पट्टेदार को यह अधिकार होगा कि वह उक्त कलक्टर या अपर कलक्टर के पट्टा मूल्य का निर्धारण करने वाले आदेश के विरुद्ध उसी प्रकार और उतनी ही अवधि के भीतर अपील कर सकेगा मानों ऐसा निर्धारण पंजाब लैण्ड रेवेन्यू ऐक्ट, 1887 (1887 का अधिनियम 17) या तत्समय प्रवृत्त किसी संशोधनकारी अधिनियम के अधीन राजस्व अधिकारी द्वारा किया गया निर्धारण हो और ऐसी अपील की या उसके संबंध में भी कार्यवाही सभी प्रकार से उक्त अधिनियम के उपबन्धों द्वारा उसी रीति से शासित होगी मानो वह कार्यवाही उस अधिनियम के अधीन की गई हो ।

VI. पट्टाकर्त्ता को, उसके अन्य सभी अधिकारों के साथ-साथ, पट्टेदार के इसमें अन्तर्विष्ट किसी भी प्रसंविदा या शर्त का अनुपालन और पालन करने में असफल रहने की दशा में, उपपट्टेदार से, जहां तक वे उसे उपपट्टेदार पर दिए गए भूखण्ड से संबंधित हैं, अनुपालन करने और पूरा करने की अपेक्षा करने और उन्हें प्रवर्तित करने का और उपपट्टेदार से वार्षिक किराया और अन्य सभी राशियां जो उसके द्वारा उस पट्टे के अधीन पट्टेदार को देय और संदेय है, सीधे वसूल करने का भी अधिकार होगा ।

VII. पट्टेदार का, किसी भी कारण से, विघटन होने की दशा में, यह पट्टा पर्यवसित हो जाएगा और

(क) उपपट्टेदार इस विलेख के अधीन पट्टेदार का हित उत्तराधिकारी समझा जाएगा और इसके अधीन पट्टेदार के सभी अधिकार और बाध्यताएं, उपपट्टेदार को, जहां तक वे उसे उपपट्टे पर दिए गए भूखण्ड से सबद्ध है, अन्तरित हो जाएंगी और वह पट्टेदार की उक्त बाध्यताओं का पालन और अनुपालन करेगा ; और

(ख) पट्टाकर्त्ता, उपपट्टे के अधीन, पट्टेदार का हित उत्तराधिकारी समझा जाएगा और उसके अधीन पट्टेदार के सभी अधिकार और बाध्यताएं पट्टाकर्त्ता को अन्तरित हो जाएगा और उप पट्टेदार, उपपट्टे के अधीन पट्टाकर्त्ता के प्रति अपनी बाध्यताओं का पालन और अनुपालन करेगा ।

VIII. इस विलेख के अधीन या उसके संबंध में (सिवाय किन्हीं ऐसे मामलों के जिनका विनिश्चय इस विलेख द्वारा विशिष्टतः उपबंधित है), उठने वाले किसी प्रश्न, विवाद या मतभेद की दशा में, उसे उपराज्यपाल या उसके द्वारा नियत किए गए किसी व्यक्ति को एकमात्र माध्यस्थम् के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा । यह आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है और यह कि उसे उन मामलों पर कार्रवाई करनी है जिससे यह पट्टा संबंधित है या उसने सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के दौरान विवाद या मतभेद के सभी या किन्हीं मामलों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं । मध्यस्थ का अधिनिर्णयक अन्तिम और पक्षकारों पर आबद्धकर होगा ।

मध्यस्थ, समय समय पर, पक्षकारों की सहमति से, अधिनिर्णय देने और उसे प्रकाशित करने का समय बढ़ा सकेगा ।

यथापूर्वोक्त के अधीन रहते हुए, माध्यस्थम् अधिनियम, 1948 और उसके अधीन बनाए गए नियम और उसके उपांतर के तत्समय प्रवृत्त है, इस खण्ड के अधीन माध्यस्थम् कार्यवाहियों को लागू समझे जाएंगे ।

IX. इस पट्टे के अधीन दी जाने वाली सभी सूचनाएं, आदेश, निदेशक सहमतियां या अनुमोदन लिखित रूप में होंगे और उन पर ऐसा अधिकारी हस्ताक्षर करेगा जिसे उपराज्यपाल प्राधिकृत करे और उसकी पट्टेदार और उपपट्टेदार पर या किसी ऐसे व्यक्ति पर, जो आवासिक भूखण्ड पर किसी अधिकार का दावा करता है, सम्यक् रूप से तामील की गई समझी जाएगी यदि वे उन्हें पट्टेदार या उपपट्टेदार के स्वीकृत कार्यालय में परिदत्त कर दी जाती हैं या डाक द्वारा भेज दी जाती है या यदि उन्हें उक्त आवासिक भूखण्ड पर के किसी भवन या निर्माण पर, चाहे वह अस्थायी हो या अन्यथा, लगा दिया जाता है या उन्हें उपपट्टेदार या ऐसे व्यक्ति के उस समय के निवास स्थान, कार्यालय अथवा कारबार के स्थान पर अथवा प्राधिक या अन्तिम ज्ञात निवास स्थान, कार्यालय अथवा कारबार के स्थान पर परदत्त कर दिया जाता है या डाक से भेज दिया जाता है ।

10. (क) इस पट्टे के अधीन पट्टाकर्त्ता द्वारा प्रयोक्तव्य सभी शक्तियों का प्रयोग उपराज्यपाल द्वारा किया जा सकेगा । पट्टाकर्त्ता इस पट्टे के अधीन उसके द्वारा प्रयोक्तव्य सभी या किसी शक्ति का प्रयोग करने के लिए किसी अन्य अधिकारी या अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगा ।

(ख) उपराज्यपाल अपनी उन सभी या किन्हीं शक्तियों को, जिनका प्रयोग करने के लिए वह इस पट्टे के अधीन सशक्त है, सिवाय पट्टाकर्त्ता की उन शक्तियों को जो उसके द्वारा ऊपर खण्ड (क) के अधीन प्रयोक्तव्य है प्रयोग करने के लिए किसी अधिकारी या अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगा ।

11 इस पट्टे में 'उपराज्यपाल' अभिव्यक्ति से तत्समय दिल्ली का उपराज्यपाल या यदि उसका पदनाम परिवर्तित हो जाता है या उसका कार्यालय उत्सादित हो जाता है तो वह अधिकारी, जिसे तत्समय उपराज्यपाल के समतुल्य कृत्य, चाहे वे अन्य कृत्यों के साथ हों या उनके बिना, सौंपे गए हों, चाहे ऐसे अधिकारी का पदनाम जो भी हो, अभिप्रेत है। उक्त इस अभिव्यक्ति के अन्तर्गत ऐसा अधिकारी भी आएगा जिसे पट्टाकर्त्ता इस पट्टे के अधीन उपराज्यपाल के कृत्यों का पालन करने के लिए पदाभिहित करें ।

12 इसमें इसके पूर्व प्रयुक्त 'पट्टाकर्त्ता' और 'उपपट्टेदार' पदों के अन्तर्गत, जहां सन्दर्भ के अनुकूल हो पट्टाकर्त्ता की दशा में, उसके उत्तरवर्ती और समनुदेशिती तथा उपपट्टेदार की दशा में उसके वारिस, निष्पादक, प्रशासक या विधिक प्रतिनिधि और ऐसा व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति भी हैं जिसमें या जिनमें उपपट्टा द्वारा सर्जित उपपट्टा धृत हित, समनुदेशन द्वारा या अन्यथा तत्समय निहित है । और इसमें इसके पूर्व प्रयुक्त "पट्टेदार" अभिव्यक्ति से ———————— सोसाइटी अभिप्रेत है ।

13 यह पट्टा सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (1895 का 15) के अधीन दिया गया है

इसके साक्ष्य स्वरूप इस पर ऊपर लिखी तारीख को पट्टाकर्त्ता के लिए और उसकी ओर से तथा उसके आदेश और निदेश द्वारा श्री —— ————————ने ऊपर लिखी तारीख को हस्ताक्षर कर दिए है और पट्टेदार की सामान्य मुद्रा लगा दी गई है।

(1) श्री ————————————————

————————————————

(साक्षी का नाम , पता और व्यवसाय)

(साक्षी के हस्ताक्षर)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

————————

————————

सोसाइटी (पट्टेदार) की सामान्यमुद्रा

श्री ———————————— की

(नाम और पदनाम)

उपस्थिति में ————————————सोसाइटी (पट्टेदार) की

उपविधि संख्या ———————————————— ।

———————————— सोसाइटी (पट्टेदार) की प्रबन्ध

समिति के संकल्प संख्या ————————, तारीख ————

के अनुसरण में लगाई गई है और उक्त ———————————— ने

1 श्री ————————

————————————

(साक्षी का नाम, पता और व्यवसाय)

————————————————

(साक्षी के हस्ताक्षर)

2. श्री ————————

————————————

(साक्षी का नाम, पता और व्यवसाय)

————————————

(साक्षी के हस्ताक्षर)

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए ।

ऊपर निर्दिष्ट अनुसूची

————————

(गृह निर्माण सहकारी सोसायटी)
सामूहिक गृह - निर्माण सोसायटी)

(नियम 23 देखिये)

प्रपत्र ख

दिल्ली प्रशासन

(भूमि और भवन विभाग)

शाश्वत उपपट्टा

यह करार पक्षकार के रूप में दिल्ली विकास प्राधिकरण, जो दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 51) की धारा 3 के अधीन गठित निकाय है (जिसे इसमें आगे 'प्राधिकरण' कहा गया है के द्वारा भारत के राष्ट्रपति जिन्हें इसमें आगे "पट्टाकर्त्ता कहा गया है) और दूसरे पक्षकार के रूप में ————————सोसायटी, जो दिल्ली सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1972 (1972 का अधिनियम 35) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय ———————— में है, (जिसे इसमें आगे 'पट्टेदार' कहा गया है) और तीसरे पक्षकार के रूप में, श्री / श्रीमती ———————— जिसे इसमें आगे उप-पट्टेदार कहा गया है के बीच तारीख ———————— को किया गया ।

पट्टाकर्त्ता ने, तारीख ———— को निष्पादित और रजिस्ट्रार/उपरजिस्ट्रार, दिल्ली / नई दिल्ली के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत पट्टे द्वारा (जिसे इसमें आगे पट्टा कहा गया है) पट्टेदार को उसमें यथा उल्लिखित आवासिक भूखण्डों को शाश्वत रूप से अंतरित कर दिया है।

और पट्टेदार पट्टे के अधीन पट्टेदार के ऐसे प्रत्येक सदस्य को, जो दिल्ली के उपराज्यपाल (जिसे इसमें आगे उपराज्यपाल कहा गया है) द्वारा अनुमोदित किया जाता है, एक आवासिक भूखण्ड ऐसे प्रीमियम और वार्षिक किराये पर जो पट्टाकर्त्ता अवधारित करें, उपपट्टे पर देगा ।

और उपपट्टेदार ने, पट्टेदार को एक आवासिक भूखण्ड उपपट्टे पर दिए जाने के लिए, आवेदन किया है और पट्टेदार ने ऐसे आवेदन को उपपट्टेदार द्वारा किए गए विवरणों और व्यपदेशन के विश्वास पर उपपट्टे पर देना स्वीकार कर लिया है और पट्टाकर्त्ता एक आवासिक भूखण्ड को शाश्वत उपपट्टेदार पर अन्तरण करने के लिए सहमत हो गया है।

और पट्टेदार के आवेदन पर, पट्टाकर्त्ता ने इस विलेख के निष्पादन से पूर्व, प्रीमियम हेतु प्रारम्भ में ऐसी अतिरिक्त राशि या राशियां नियत करेगा, जो इसमें आगे अन्तर्विष्ट प्रसंविदाओं में उपबंधित हैं और इसके द्वारा उपपट्टे पर दिए गए आवासिक भूखण्ड का वार्षिक किराया नियत कर दिया है।

और उपराज्यपाल ने उपपट्टे का अनुमोदन कर दिया है।

यह करार इस बात का साक्षी है कि इस विलेख के निष्पादन के पूर्व के प्रीमियम हेतु दिए गए ———————— रुपए और विकास हेतु दिए गए ———— रुपए के (जिसकी प्राप्ति पट्टाकर्त्ता इसके द्वारा अभिस्वीकृत करता है) और इसमें आगे आरक्षित किराए के तथा इसमें आगे दी हुई उपपट्टेदार की ओर से की गई प्रसंविदाओं के फलस्वरूप, पट्टेदार उपपट्टे पर उस सम्पूर्ण भूखण्ड को अन्तरित करता है और पट्टाकर्त्ता इसके द्वारा उसकी पुष्टि करता है जो ———————— के अभिन्यास योजना के ब्लाक संख्यांक ———————— में आवासिक भूखण्ड संख्यांक ———————— है और जिसका क्षेत्रफल ———————— या उसके

लगभग है। उक्त आवासिक भूखण्ड का विस्तृत वर्णन इसमें आगे दी गई अनुसूची में दिया गया है और अधिक स्पष्टता के लिए उस भूखण्ड की सीमाएं संलग्न रेखांक में लाल रेखा से बताई गई है और उसमें लाल रंग भरा गया है। (उक्त आवासिक भूखण्ड का अन्तरण, पट्टे में अन्तर्विष्ट अपवादों और आरक्षणों के अधीन रहते हुए) भूखण्ड के या उससे संलग्न सभी अधिकारों सुखाचारों और अनुलग्नकों के साथ किया जाता है। उपपट्टेदार इसके द्वारा पारित परिसर को तारीख -- -------- से शाश्वत रूप से धारण करेगा। यह अन्तरण इस शर्त पर किया जाता है कि उप पट्टेदार उक्त भूखण्ड का -------------- रुपए के प्रीमियम सहित वार्षिक किराया का और उसके पश्चात् प्रीमियम के ढाई प्रतिशत की दर का (पहले से ही संदत्त राशि का और ऐसी अन्य राशियों का जो इसमें आगे दी गई प्रसंविदाओं और शर्तों के अधीन प्रीमियमहेतु संदत्त की जाती है) या ऐसे अन्य बढ़े हुए किराये का जो इसके बाद इसमें आगे दी गई प्रसंविदाओं और शर्तों के अधीन प्रीमियम हेतु संदत्त किया जाता है या ऐसे अन्य बढ़े हुए किराए जो उसके बाद इसमें आगे दी गई प्रसंविदाओं और शर्तों के अधीन निर्धारित किया जाए, सभी कटौतियों से मुक्त रूप से संदाय प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी और 1 जुलाई को बराबर छमाही किस्तों में पट्टेदार के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में या ऐसे अन्य स्थानों पर करेगा जो पट्टेदार इस प्रयोजन के लिए समय समय पर, अधिसूचित करे। ऐसा प्रथम संदाय - ------- को प्रथम तारीख को किया जाएगा और किराया तारीख --- ---- से तारीख -------- ---- तक --------------- होगा जो इस विलेख के निष्पादन से पूर्व संदत्त किया गया है और भूमि का किराया तारीख ------------ से ------------ तारीख तक ढाई प्रतिशत की दर से -------------- रु० (केवल -- ------ रुपए) होगा (इसमें ऊपर उल्लिखित प्रीमियम के ढाई प्रतिशत का संदाय तारीख - --------- से ----- - ----- तारीख तक इस विलेख के निष्पादन के पूर्व किया जा चुका है और उप पट्टेदार आगे का वार्षिक भूमि किराया -------- रु० की दर से संदाय करने के लिए सहमत हो गया है) उक्त किराया इसमें ऊपर उल्लिखित रीति से अर्द्ध वार्षिक संदाय द्वारा संदेय होगा

यह उपपट्टा इसके आगे दिए गए अपवादों, आरक्षणों, शर्तों और प्रसंविदाओं के अधीन रहेगा, अर्थात् --

I पट्टाकर्ता आवासिक भूखण्ड में या, उसके नीचे की खानों, खनिजों, कोयले, गोल्ड वाशिंग, खनिज तेलों और खदानों को इस पट्टे में सम्मिलित नहीं करता है और उन्हें तथा सभी समय पर ऐसे सभी कार्य और बातें करने का पूरा अधिकार और शक्ति अपने लिए आरक्षित रखता है जो उनकी तलाश करने, उनके खनन, उनको प्राप्त करने, हटाने और उनका उपयोग करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन है। उसके लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि यह आवासिक भूखण्ड के तल के लिए या उस पर तत्समय खड़े किसी भवन के लिए किसी उर्ध्वाधर अवलम्ब (खड़े सहारे) की व्यवस्था करे या ऐसा अवलम्ब छोड़े। यह भी उपबन्ध है कि पट्टाकर्ता इसके द्वारा आरक्षित अधिकारों या उनमें से किसी के प्रयोग के सीधे होने वाले सब नुकसान के लिए पट्टेदार और। या उपपट्टेदार को उचित प्रतिकर देगा।

II उप पट्टेदार, अपने लिए, अपने वारिसों निष्पादकों, प्रशासकों और समनुदेशितियों के लिए पट्टेदार और पट्टाकर्ता से निम्नलिखित रूप से प्रसंविदा करता है, अर्थात् --

(1) उपपट्टेदार, पट्टेदार को ऐसे समय के भीतर प्रीमियम हेतु ऐसी अतिरिक्त राशि या राशियों का संदाय करेगा जो पट्टे के खण्ड II के उपखण्ड (1) और 5 (क) में यथा उल्लिखित भूमि अर्जन कलक्टर द्वारा किसी निर्देश पर या अपील में या दोनों में अधिनिर्णीत प्रतिकर मदे बढ़ाई जाने पर पट्टाकर्ता द्वारा विनिश्चित की जाए और उस निमित्त पट्टाकर्ता का विनिश्चय अन्तिम और पट्टेदार तथा उप पट्टेदार पर आबद्धकर होगा।

इसके द्वारा आरक्षित प्रीमियम के ढाई प्रतिशत का वार्षिक किराया, पट्टेदार द्वारा इस विलेख के निष्पादन के पूर्व प्रीमियम हेतु प्राप्त राशि और प्रीमियम हेतु संदाय ऐसी राशि या राशियों के आधार पर, जो इसमें उपबन्धित है तारीख ----------- से संगणित किया जाएगा।

(2) उप पट्टेदार, पट्टेदार को इसके द्वारा आरक्षित वार्षिक किराए का संदाय, उन तारीखों को और उस रीति से करेगा जो इसमें इसके पूर्व नियत की गई है।

(3) उपपट्टेदार अभ्यावेदन योजना में किसी रीति से न तो विचलित होगा और न आवासिक भूखण्ड के आकार में न उप-विभाजन, सम्मेलन द्वारा या अन्यथा, परिवर्तन करेगा।

(4) उपपट्टेदार सभी समयों पर ऐसी सभी प्रसंविदाओं और शर्तों का, जहां तक वे उसे उपपट्टे पर दिए गए आवासिक भूखण्ड पर प्रभाव डालती हों या उस से सम्बन्धित हों और जिनका पट्टेदार या उपपट्टेदार की ओर से उसके अधीन पालन और अनुपालन किया जाना इस पट्टे में अन्तर्विष्ट है, पालन और अनुपालन करेगा।

(5) उपपट्टेदार उचित नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी से आवश्यक डिजाइन, योजना और विनिर्देशों के साथ भवन योजना की मंजूरी अभिप्राप्त करने के पश्चात्, तारीख -------- से दो वर्ष की अवधि के भीतर (और इस प्रकार विनिर्दिष्ट समय सविदा का सार होगा) अपने खर्चे पर, आवासिक भूखण्ड पर निर्माण कराएगा और प्राइवेट निवास के लिए निवासीय भवन को सावधान और कुशल रीति से, ऐसी नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी, के समाधानप्रद रूप में मंजूर की गई भवन योजना के अनुसार अपेक्षित और समुचित दीवार, सीवर और नालियों और अन्य सुविधाओं के साथ पूरा कराएगा।

6 (क) उपपट्टेदार, किसी ऐसे व्यक्ति को जो पट्टेदार का सदस्य नहीं है, उक्त सम्पूर्ण आवासिक भूखण्ड या उसके किसी भाग का किसी भी रूप या रीति में बनायी या अन्यथा न तो विक्रय करेगा, न अन्तरण करेगा, न समनुदेशन करेगा और न उसके कब्जे से अन्यथा अलग होगा।

(ख) उपपट्टेदार, पट्टाकर्त्ता की लिखित पूर्व सम्मति के सिवाय, सम्पूर्ण आवासिक भूखण्ड या उसके किसी भाग का पट्टाकर्त्ता की पूर्व अनुमति के बिना पट्टेदार के किसी अन्य सदस्य को न तो विक्रय करेगा न अन्तरण करेगा, न समनुदेशन करेगा और न उसके कब्जे से अन्यथा अलग होगा। पट्टाकर्त्ता अपने आत्यन्तिक विवेकानुसार सम्पत्ति देने से इनकार करने का हकदार होगा।

परन्तु सम्मति किए जाने की दशा में, पट्टाकर्त्ता, ऐसे निबंधन और शर्तें अधिरोपित कर सकता है जो वह ठीक समझे और पट्टाकर्त्ता को विक्रय अन्तरण समनुदेशन या कब्जे से अलग होने के समय आवासिक भूखण्ड मूल्य में अनुपार्जित वृद्धि का (अर्थात् संदत्त प्रीमियम और बाजार मूल्य के बीच के अन्तर का) दावा करने और उसे वसूल करने का हक होगा, वसूल की जाने वाली रकम अनुपार्जित वृद्धि का पचास प्रतिशत होगी और बाजार मूल्य की बाबत पट्टाकर्त्ता का विनिश्चय अन्तिम और आबद्धकार होगा।

परन्तु यह और कि पट्टाकर्त्ता को, यथापूर्वोक्त अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की कटौती करने के पश्चात् सम्पत्ति को क्रय करने का अनन्याधिकार होगा।

(ग) ऊपर उपखण्ड (क) और (ख) में किसी बात के होते हुए भी, उपपट्टेदार, दिल्ली के उपराज्यपाल की लिखित पूर्व सम्मति से आवासिक भूखण्ड ऐसे व्यक्ति को बंधक रख सकता है या भारित कर सकता है, जिसे उपराज्यपाल अपने पूर्णत विवेक से अनुमोदित करे।

परन्तु उपराज्यपाल किसी भूखण्ड या उसके किसी भाग को, जो क्षेत्र के विकास, जैसे सीवर, ट्रक सेवा, विद्युत और टेलीफोन के तार और

जल प्रदाय लाइन आदि बिछाने या ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए अपेक्षित हो, जो जनता और साधारण उपयोग के समझे जाएं उचित प्रतिकर के सदाय पर लेने का अधिकार आरक्षित रखता है ।

परन्तु बंधक या धारित सम्पत्ति के विक्रय या पुरोबंध की दशा में पट्टाकर्त्ता , यथा पूर्वोक्त आवासिक भूखण्ड के मूल्य में अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत का दावा करने और वसूल करने का हकदार होगा, और उक्त अनुपार्जित वृद्धि के पट्टाकर्त्ता के शेयर की रकम उक्त बंधक या भार पर प्राथमिकता रखते हुए पहला भार होगा । उक्त आवासिक भूखण्ड के बाजार मूल्य की बाबत पट्टाकर्त्ता का विनिश्चय अन्तिम और सभी संबद्ध पक्षकारों पर आबद्धकर होगा ।

परन्तु यह और कि पट्टाकर्त्ता को यथापूर्वोक्त अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की कटौती करने के पश्चात् बन्धक या भारित सम्पत्ति को क्रय करने का अधिकार होगा ।

(7) पट्टाकर्त्ता या अनुपार्जित वृद्धि के पचास प्रतिशत की वसूली का अधिकार और इसमें इसके पूर्व यथा उल्लिखित सम्पत्ति क्रय करने का अधिकार अनैच्छिक विक्रय या अन्तरण को, चाहे वह किसी निष्पादक या दिवाला न्यायालय द्वारा हो या उसके माध्यम से समान रूप से लागू होगा ।

(8) ऊपर उपखण्ड 6 (क) और 6 (ख) में यथा उल्लिखित निर्बन्धनों परिसीमा, और शर्तों के होते हुए भी, उप पट्टेदार ऐसे सम्पूर्ण भवन या उसके किसी भाग को, जो आवासिक भूखण्ड पर प्राइवेट निवास के प्रयोजन के लिए बनवाया जाए, मासिक किराएदारी पर या पांच वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए उप पट्टे पर देने का हकदार होगा ।

(9) जब कभी आवासिक भूखण्ड में उप पट्टेदार का हक किसी भी रीति से अन्तरित होता है तब अन्तरिती इसमें या पट्टे में अन्तर्विष्ट सभी प्रसंविदाओं और शर्तों द्वारा उस सीमा तक जिस तक वे उक्त आवासिक भूखण्ड को लागू हैं, उसे प्रभावित करती हैं और उससे संबंधित है आबद्ध होगा और उनके लिए वह सभी प्रकार से उत्तरदायी होगा ।

(10) जब भी आवासिक भूखण्ड में उप पट्टेदार का हक किसी भी रीति से, अन्तरित होता है तो अन्तरणकर्त्ता और अन्तरिती, अन्तरण के तीन मास के भीतर, ऐसे अन्तरण की सूचना लिखित रूप में पट्टाकर्त्ता और पट्टेदार को देंगे ।

उपपट्टेदार की मृत्यु होने की दशा में, ऐसा व्यक्ति जिस पर हक न्यागत होता है, अन्तरण या न्यागमन के साक्षी दस्तावेज / दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों का पट्टाकर्त्ता और पट्टेदार को प्रदाय करेगा ।

यथास्थिति, अन्तरिती या वह व्यक्ति जिस पर हक न्यागत होता है, अन्तरण या न्यागमन के साक्षी दस्तावेज / दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों का पट्टाकर्त्ता और पट्टेदार को प्रदाय करेगा ।

(11) उपपट्टेदार, समय समय पर और सभी समयों पर, प्रत्येक वर्णन के ऐसे सभी रेटों, करों, प्रभारों और निर्धारणों का सदाय और उन्मोचन करेगा, जो अब या इस उपपट्टे के जारी रहने के दौरान इसके पश्चात् किसी भी समय, इसके द्वारा अन्तरित आवासिक भूखण्ड पर उस पर बनाए जाने वाले किसी भवनों पर या उनके संबंध में भू-स्वामी या किराएदार पर निर्धारित, प्रभारित या अधिरोपित किए गए हैं या किए जाएं ।

(12) इसके द्वारा उपपट्टे पर दिए गए आवासिक भूखण्ड की बाबत देय किराए और अन्य सदायों के सभी बकायों की पट्टाकर्त्ता द्वारा उन के वसूली योग्य होने की दशा में, पट्टाकर्त्ता से वसूली उसी रीति में की जा सकेगी जिस रीति में भूराजस्व की बकाया वसूल की जाती है ।

(13) उपपट्टेदार, समुचित नगरपालिका या अन्य प्राधिकारी की तत्समय प्रवृत्त भवन, जल निकास पद्धती और अन्य उपविधियों का पालन करेगा और उनसे आबद्ध होगा ।

(14) उपपट्टेदार, समुचित नगरपालिका का अन्य प्राधिकारी की लिखित मंजूरी या अनुज्ञा के बिना आवासिक भूखण्ड पर कोई भवन नहीं बनाएगा और न ऐसे भवन में कोई परिवर्तन या परिवर्धन ही करेगा ।

(15) उपपट्टेदार पट्टाकर्त्ता की लिखित सम्मति के बिना, आवासिक भूखण्ड पर या उस पर किसी भवन में किसी प्रकार के व्यापार का कारबार को न तो करेगा और न करने की अनुज्ञा देगा या प्राइवेट निवास के प्रयोजन के भिन्न, किसी प्रयोजन के लिए न तो उसका प्रयोग करेगा और न करने की अनुज्ञा या उस पर न तो कोई ऐसा कार्य या बात करेगा जिससे पट्टाकर्त्ता की राय में पट्टाकर्त्ता को पट्टेदार को और अन्य उपपट्टेदारों को और पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति को न्यूसेन्सक्षोभ या विघ्न हो ।

परन्तु यदि उपपट्टेदार, उक्त आवासिक भूखण्ड या उस पर के किसी भवन का उपयोग प्राइवेट निवास से भिन्न किसी प्रयोजन के लिए करने का उत्सुक है तो पट्टाकर्त्ता उपयोगकर्त्ता के ऐसे परिवर्तन को, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जिनके अन्तर्गत अतिरिक्त प्रीमियम और अतिरिक्त किराए का संदाय भी है, अनुज्ञात कर सकेगा, जो वह अपने पूर्णतः विवेक के अनुसार अवधारित करे ।

(16) पट्टेदार सभी उचित समयों पर उपराज्यपाल को, और पट्टेदार को अपना या समाचीन करने के लिए कि इसमें अन्तर्विष्ट प्रसंविदाओं और शर्तों का पालन किया गया है और किया जा रहा है, आवासिक भूखण्ड पर आने जाने देगा ।

(17) उपपट्टेदार इस उपपट्टे की समाप्ति पर , उक्त आवासिक भूखण्ड और उस पर बने भवनों की शान्तिपूर्वक पट्टाकर्त्ता या पट्टेदार को, जो भी हकदार हो सौंप देगा ।

III- यदि प्रीमियम या इसके द्वारा आरक्षित वार्षिक किराए हेतु सदेय राशि या राशियां इसके पश्चात् पट्टेदार द्वारा करार के खण्ड III के निबन्धनों के अनुसार या इस निमित्त उपराज्यपाल द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या स्थानीय निकायों द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार किए जाने वाले विकास के किसी मद पर किया जाने वाला आकल्पित व्यय या उसका कोई भाग उन तारीखों के, जब वह देय हो गया हो, पश्चात् एक कलेण्डर मास तक किसी समय बकाया और असदत्त रहेगा, चाहे उसकी मांग की गई हो या नहीं, अथवा यह पाया जाता है कि यह उपपट्टा किसी तथ्य को छिपा कर या किसी गलत विवरण या दुर्व्यपदेशन या कपट द्वारा अभिप्राप्त किया गया है अथवा पट्टाकर्त्ता या पट्टेदार की, जिस पर पट्टाकर्त्ता का विनिश्चय अन्तिम होगा, यह राय है कि उपपट्टेदार ने या उसके माध्यम से या उससे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन दावा करने वाले किसी व्यक्ति ने इसमें इसके पूर्व दी हुई और उनके द्वारा अनुपालन की जाने वाली प्रसंविदाओं या शर्तों में से किसी का भंग किया है तो उस दशा में, इस बात के होते हुए भी इसके द्वारा उप पट्टे या दिए गए आवासिक भूखण्ड या उस पर बने भवनों पर पुनः प्रवेश के किसी पूर्व हेतु या अधिकार का अधित्यजन कर दिया गया है, पट्टाकर्त्ता के या पट्टाकर्त्ता की लिखित रूप में पूर्व अनुमति से पट्टेदार के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह इसके द्वारा उपपट्टे पर दिए गए आवासिक भूखण्ड पर के या भवनों में पुनः प्रवेश करे और आवासिक भूखण्ड, भवनों और फिक्सचरों का कब्जा ले ले और तब तक उपपट्टा और इसकी हर बात इस प्रकार पुनः प्रवेश किए गए आवासिक भूखण्ड की बाबत समाप्त हो जाएगी तथा उप पट्टेदार किसी भी प्रतिकर के लिए या उस प्रीमियम के लौटाये जाने के लिए इसका सदाय उसने किया है, हकदार नहीं होगा ।

परन्तु इसमें अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, पट्टाकर्त्ता यथापूर्वोक्त पुनः प्रवेश के अपने अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और अपने पूर्णविवेक से या पट्टकर्त्ता की लिखित रूप में

पूर्व सहमति से पट्टेदार पट्टाकर्त्ता की ओर से पट्टेदार द्वारा ऐसी रकम के प्राप्त होने पर और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जो वह अवधारित करे, ऐसे भाग का, अस्थायी रूप से या अन्यथा, अधिभ्यजन या उपवर्जन कर सकेगा और पट्टाकर्त्ता या पट्टेदार जो भी हकदार हो, उक्त राशि या राशियों का जो ऐसे किराए का, जो यथापूर्वोक्त बकाया है उस पर छह प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज सहित सदाय भी स्वीकार कर सकेगा । पट्टेदार द्वारा उपपट्टेदार से अधिभ्यजन या उपवर्जन के लिए प्राप्त की गई रकमों का, ऐसी कटौतियों के अधीन रहते हुए जो पट्टाकर्त्ता अपने पूर्ण विवेकानुसार पट्टेदार द्वारा प्रतिधारित किए जाने के लिए अनुज्ञात करे, पट्टेदार द्वारा पट्टाकर्त्ता को तुरन्त सदाय किया जाएगा।

IV कोई भी समपहरण या पुनःप्रवेश तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि पट्टाकर्त्ता या पट्टेदार ने उपपट्टेदार पर, लिखित रूप में ऐसी सूचना की तामील न की हो जिसमें :—

(क) शिकायत की गई उस भंग की विशिष्टि दी हो, जिसके बारे में शिकायत की गई है,

(ख) यदि भंग उपचार योग्य है तो उपपट्टेदार से उस भंग का उपचार करने की उपेक्षा की गई हो और उपपट्टेदार ऐसे उचित समय के भीतर जो सूचना में उल्लिखित है, उस भंग का, यदि वह उपचार योग्य है तो उपचार करने में असफल न हुआ हो, यदि समपहरण या पुनःप्रवेश होता है तो पट्टाकर्त्ता अपने विवेकानुसार या पट्टेदार पट्टाकर्त्ता की लिखित पूर्व सहमति से, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो वह ठीक समझे, उस समपहरण या पुनःप्रवेश के विरुद्ध राहत दे सकेगा।

(क) इस खण्ड की कोई भी बात उपबंधित समय के भीतर भवन के उपविभाजन या समामेलन निर्माण और उसे पूरा करने तथा खण्ड II में यथा उल्लिखित निवासीय भूखण्ड के अन्तरण से संबंधित प्रसंविदाओं और शर्त के भंग के कारण, या

(ख) यह उपपट्टा किसी तथ्य को छिपाकर, गलत विवरण, दुर्व्यपदेशन या कपट द्वारा अभिप्राप्त किए जाने की दशा में,

समपहरणों या पुनःप्रवेश को लागू नहीं होगी ।

V. इसके द्वारा आरक्षित किराया 1 जनवरी, 19—से और उसके पश्चात् तीस वर्ष की प्रत्येक अवधि के अन्त में बढ़ाया जाएगा परन्तु प्रत्येक बढ़ोत्तरी के समय नियत किराए में वृद्धि ऐसे प्रत्येक समय पर उस तारीख को जब बढ़ोतरी की गई है भवनों के बिना भूमि के पट्टा मूल्य में वृद्धि के आधे से अधिक नहीं होगी और ऐसा पट्टा मूल्य दिल्ली के कलक्टर या अपर कलक्टर द्वारा जिसे भी पट्टाकर्त्ता नियुक्त करे, निर्धारित किया जाएगा ।

परन्तु यह भी उपबन्ध है कि उप पट्टेदार को यह अधिकार होगा कि वह उक्त कलक्टर या अपर कलक्टर के पट्टा मूल्य का निर्धारण करने वाले आदेश के विरुद्ध उसी प्रकार और उतनी ही अवधि के भीतर अपील कर सकेगा मानो ऐसा निर्धारण पंजाब लैण्ड रेवेन्यू एक्ट, 1887 (1887 का अधिनियम 17) या तत्समय प्रवृत्त किसी संशोधनकारी अधिनियम के अधीन राजस्व अधिकारी द्वारा किया गया निर्धारण हो और ऐसी अपील या उसके संबंध में कार्यवाही सभी प्रकार से उक्त अधिनियम के उपबन्धों द्वारा सभी रीति से शासित होगी मानों यह कार्यवाही उस अधिनियम के अधीन की गई हो ।

VI. पट्टाकर्त्ता को, उसके अन्य सभी प्राधिकारों के साथ-साथ, पट्टेदार के इसमें अन्तर्विष्ट किसी भी प्रसंविदा या शर्त का अनुपालन और पालन करने में असफल रहने की दशा में, उपपट्टेदार से, जहां तक वे उसे उपपट्टेदार पर दिए गए भूखण्ड से संबंधित है, अनुपालन करने और पूरा करने की अपेक्षा करने और उन्हें प्रवर्तित करने का और उस पट्टेदार से वार्षिक किराया और अन्य सभी राशियां जो उसके द्वारा उपपट्टे के अधीन पट्टेदार को देय और संदेय है, सीधे वसूल करने का भी अधिकार होगा ।

VII. पट्टेदार का, किसी भी कारण से, विघटन होने की दशा में, यह पट्टा पर्यवसित हो जाएगा; और

(क) उपपट्टेदार इस विलेख के अधीन पट्टेदार का हित उत्तराधिकारी समझा जाएगा और इसके अधीन पट्टेदार के सभी अधिकार और बाध्यताएं, उपपट्टेदार को, जहां तक वे उसे उपपट्टे पर दिए गए भूखण्ड से संबद्ध है, अन्तरित हो जाएगा और वह पट्टेदार की उक्त बाध्यताओं का पालन और अनुपालन करेगा, और

(ख) पट्टाकर्त्ता, उपपट्टे के अधीन, पट्टेदार का हित उत्तराधिकारी समझा जाएगा और उसके अधीन पट्टेदार के सभी अधिकार और बाध्यताएं पट्टाकर्त्ता को अन्तरित हो जाएंगी और उपपट्टेदार, उपपट्टे के अधीन पट्टाकर्त्ता के प्रति अपनी बाध्यताओं का पालन और अनुपालन करेगा ।

VIII. इस विलेख के अधीन या उसके संबंध में (सिवाय किन्हीं ऐसे मामलों के जिनका विनिश्चय इस विलेख द्वारा विशिष्टता उपबंधित है) उठने वाले किसी प्रश्न, विवाद या मतभेद की दशा में, उसे उपराज्यपाल या उसके द्वारा नियुक्त किए गए किसी व्यक्ति को एकमात्र मध्यस्थम के लिए निर्दिष्ट किया जाएगा । यह आपत्ति नहीं होगी कि मध्यस्थ सरकारी सेवक है और यह कि उसे उन मामलों पर कार्यवाई करनी है जिससे यह पट्टा संबंधित है या उसने सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के दौरान विवाद या मतभेद के सभी या किन्हीं मामलों पर अपने विचार व्यक्त किए है मध्यस्थ का अधिनिर्णय अन्तिम और पक्षकारों पर आबद्धकर होगा ।

मध्यस्थ समय समय पर, पक्षकारों की सहमति से, अधिनिर्णय देने और उसे प्रकाशित करने का समय बढ़ा सकेगा ।

यथापूर्वोक्त के अधीन रहते हुए, माध्यस्थम अधिनियम, 1940 और उसके अधीन बनाए गए नियम और उनके उपांतर जो तत्समय प्रवृत्त है इस खण्ड के अधीन माध्यस्थम कार्यवाहियों को लागू समझे जाएंगे ।

IX. इस उपपट्टे के अधीन दी जाने वाली सभी सूचनाएं, आदेश, निदेश, सहमतियां या अनुमोदन लिखित रूप में होंगे और जब से पट्टाकर्त्ता या उपराज्यपाल की ओर से दिए जाए, तब उन पर ऐसा अधिकारी हस्ताक्षर करेगा जिसे उपराज्यपाल प्राधिकृत करे और जब वे पट्टेदार की ओर से दिए जाए, तब उन पर ऐसा व्यक्ति हस्ताक्षर करेगा, जिसे पट्टेदार प्राधिकृत करे और उनकी उपपट्टेदार पर या किसी ऐसे व्यक्ति पर, जो आवासिक भूखण्ड पर किसी अधिकार का दावा करता है, सम्यक् रूप से तामील की गई समझा जाएगा यदि उन्हें आवासिक भूखण्ड पर के किसी भवन या निर्माण पर, चाहे वह अस्थायी हो या अन्यथा, लगा दिया जाता है या उन्हें उपपट्टेदार या ऐसे व्यक्ति के उस समय के निवास स्थान, कार्यालय अथवा कारबार के स्थान पर अथवा प्रायिक या अन्तिम ज्ञात निवास स्थान, कार्यालय या कारबार के स्थान पर परिदत्त कर दिया जाता है या डाक से भेज दिया जाता है।

X. (क) इस उपपट्टे के अधीन पट्टाकर्त्ता द्वारा प्रयोक्तव्य सभी शक्तियों का प्रयोग उपराज्यपाल द्वारा किया जा सकेगा। पट्टाकर्त्ता इस उप पट्टे के अधीन उसके द्वारा प्रयोक्तव्य सभी या किसी शक्ति का प्रयोग करने के लिए किसी अन्य अधिकारी या अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगा।

(ख) उपराज्यपाल अपनी उन सभी या किन्हीं शक्तियों को, जिनका प्रयोग करने के लिए इस उपपट्टे के अधीन सशक्त है, सिवाय पट्टाकर्त्ता को उन शक्तियों के जो उसके द्वारा ऊपर खण्ड (क) के अधीन प्रयोक्तव्य है, प्रयोग करने के लिए किसी अधिकारी या अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगा ।

